
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित


jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

राजस्थान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

चैत्र, पक्ष - कृष्ण, तिथि - त्रयोदशी, संवत 2078 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-5, 30 मार्च - 5 अप्रैल, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## कभी पुरुष के दर्द को भी समझेगा कोई! (2)

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**ऐसे** में ये चाह कर भी घर पर रुकते नहीं। शाम को जब घर आते हैं तो परेशान तो ये खुद होते हैं मगर फिर भी अपने दर्द को दबाए हुए ये आते ही घर पर रूठे परिजनों को मनाने लगते हैं। ये दर्द को सहते हुए मोम दिल होते हुए भी पत्थर दिल दिखते रहते हैं। तबीयत की पूछो तो इन्हें अपनी बीमारी बताने का मौका ही नहीं दिया जाता। ये कुछ कहना चाहें, उससे पहले ही इनके सामने अन्य बीमारी आ जाती है जैसे इनका तो शरीर लोहे का हो, इन्हें कभी बीमारी होती ही नहीं है। पुरुष का शरीर भी तो हाड-मांस का है जो कभी बाप, भाई, पति, बेटा और भी कितने ही चोले ओढ़े हुए बिना अपनी परवाह किए अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में जुटा रहता है। पुरुष के जीवन में पिछले कुछ वर्षों से एक नया अत्याचार भी शुरू हो गया है वो हमेशा सच नहीं होता। दहेज प्रताड़ना का मामला। पति-पत्नी के बीच जरा सी भी खटर-पटर हुई और अगर समय रहते उसे कंट्रोल नहीं किया गया और उस खटर-पटर में पत्नी के पीहर पक्ष का भी दखल हो गया तो समझो, पुरुष की तो शामत ही आ गई। कानूनी पेंच में फंसकर उसकी और उसके परिवार की जिंदगी नरक बन जाती है। कई बार देखा गया है कि पति-पत्नी का विवाद अगर पति की तरफ से कोर्ट में चला जाता है तो पत्नी उसे फंसाए रखने के लिए या सताने के लिए वैमनस्यता पूर्ण तरीके से तलाक का मामला होने के बावजूद तलाक को मंजूर नहीं करती और घसीटती रहती है कोर्ट कचहरियों में। हमारे समाज में परपुरुष के साथ संबंधों को घृणा की दृष्टि से देखा जाता है मगर आज के कानूनी दांव-पेंच में उलझाकर ऐसी स्थिति को भी सही ठहरा दिया जाता है पुरुष चाहकर भी उस पर अंकुश नहीं लगा सकता। कोर्ट में अगर महिला का बयान गैर पुरुष के पक्ष में आ जाता है तो वह औरत अपने पति की इच्छा के विरुद्ध गैर पुरुष के साथ जा सकती है। पुरुष के मन में उठते तूफानों को सभी महिलाएं पढ़ नहीं पाती और वह घुटन भरी जिंदगी जीता रहता है। फिर भी पुरुष को अत्याचारी बताया जा रहा है। है ना, मर्द को दर्द देने वाली बात।

shivdayalmishra@gmail.com

कीव में सैन्य गतिविधि को 'कम' करने पर राजी हुआ रूस

# खत्म होने की कगार पर रूस-यूक्रेन युद्ध!



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**इस्तांबुल।** तुर्की में हुई बैठक के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अब यूक्रेन पर रूसी अटैक अपने आखिरी चरण में है। रूस ने कहा कि वह तुर्की के इस्तांबुल में 'सार्थक' वार्ता के बाद कीव के आसपास सैन्य गतिविधियों को कम करेगा। दरअसल इसके बदले में यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय गारंटी के साथ तटस्थ रहने का आश्वासन दिया है।

रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर शुरू किए गए हमले के बाद पहली बार है, जब रूस ने कुछ नरमी के संकेत दिए हैं। रूस के उप रक्षा मंत्री एलेक्जेंडर फोमिन ने मंगलवार को कहा कि युद्ध समाप्त किए जाने के मकसद से जारी वार्ता में विश्वास बढ़ाने के लिए मॉस्को ने कीव और चेर्नीहीव के पास अभियान में मौलिक रूप से कटौती करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि रूसी बल कीव और चेर्नीहीव की दिशा में सैन्य गतिविधियों में कटौती करेंगे। तुर्की में मंगलवार को रूस और यूक्रेन के वार्ताकारों के बीच युद्ध समाप्ति को लेकर बातचीत हुई। माना जा रहा है कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने की अपनी जिद को छोड़ सकता है। जिसके बाद ही रूस अपने सैनिकों के वापसी का ऐलान करेगा। दोनों पक्षों ने भविष्य में भी ऐसी बैठकें करने का समर्थन किया है।

### जल्द मिल सकते हैं पुतिन और जेलेंस्की?

खबर है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मुलाकात कर सकते हैं। यूक्रेन के वार्ताकार डेविड अरखामिया ने कहा कि जेलेंस्की और पुतिन के बीच सीधी मुलाकात के लिए अब "पर्याप्त" शर्तें हैं।

## जल्द जारी होगी रीट-2022 की विज्ञप्ति

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में 23 और 24 जुलाई को होने वाली रीट भर्ती परीक्षा की तैयारियां तेज हो गई हैं। शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला की अध्यक्षता में सचिवालय में बैठक हुई जिसमें रीट के पाठ्यक्रम को तैयार करने के साथ ही भर्ती परीक्षा में नकल रोकने को लेकर रणनीति तैयार की गई। शिक्षा मंत्री ने बताया कि लाखों युवाओं का भविष्य शिक्षक भर्ती परीक्षा से जुड़ा हुआ है। ऐसे में भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता बरतने के साथ ही परीक्षा का पाठ्यक्रम निर्धारित करने को लेकर मंथन किया गया। जल्दी पाठ्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। इस बार परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय के सरकारी भवन में ही बनाए जाएंगे ताकि किसी भी तरह की धांधली और भ्रष्टाचार को रोका जा सके।

## जागरूक खबरें

### 2 अप्रैल को राजस्थान आएंगे नड्डा



**जयपुर @ जागरूक जनता।** पूर्वी राजस्थान को साधने की कवायद के बीच भाजपा 2 अप्रैल को सवाई माधोपुर में अनुसूचित जनजाति विशिष्ट जन सम्मेलन आयोजित करेगी। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। हालांकि पार्टी ने फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं की है। माना जा रहा है कि इस बैठक के जरिए प्रदेश के आदिवासी समाज को बड़ा संदेश देने की तैयारी है।

### आरटीई के ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से

प्राइवेट स्कूलों का 25% कोटा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शिक्षा विभाग ने आगामी शिक्षा सत्र 2022-23 में शिक्षा का अधिकार कानून के तहत प्राइवेट स्कूलों की 25% सीटों पर निशुल्क प्रवेश की तैयारियां शुरू कर दी है। 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन का प्रोसेस शुरू करने के प्रस्ताव प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने स्वीकृति हेतु सरकार को भेजा हैं।

### साथिनों के मानदेय में 20 प्रतिशत वृद्धि की स्वीकृति जारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने आदेश जारी कर साथिनों के मानदेय में 20 प्रतिशत वृद्धि की स्वीकृती जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में साथिनों को मानदेय राशि 3850 रुपये प्रतिमाह मिलती थी, जिसमें 20 प्रतिशत वृद्धि करने के बाद अब उनका मानदेय 4620 रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। बढ़े हुए मानदेय का भुगतान 1 अप्रैल से लागू होगा और मई माह से देय होगा।

जयपुर समेत 20 शहरों का पारा 40 डिग्री के ऊपर

# गर्मी ने मार्च में ही झुलसाया

### गंगानगर, जैसलमेर में रिकॉर्ड तोड़ तापमान



**जयपुर।** राजस्थान में मार्च में ही गर्मी के तेवर मई जैसे हो गए। जयपुर समेत पूरे प्रदेश में अधिकांश शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री से ऊपर चला गया है। गंगानगर, पिलानी में तापमान सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस ऊपर चला गया है। मौसम विभाग ने भी अगले 4 दिन राज्य में तेज गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही पश्चिमी राजस्थान के जिलों समेत 20 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में वायुमंडल में गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान क्षेत्र के ऊपर एक एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन विकसित हो चुका है। इससे इन एरिया में दबाव की स्थिति बन गई है। वहीं, राज्य के ऊपर पश्चिमी हवाएं भी प्रभावी है। इसके कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इसके साथ ही कई जिलों में तेज हीटवेव चलने की भी आशंका है। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम का असर 1 अप्रैल तक रहेगा। 2 अप्रैल से सिस्टम खत्म होने से एक बार फिर तापमान में मामूली गिरावट आएगी। गर्म हवाओं से राहत मिलने की उम्मीद है।

### जयपुर में सीजन में पहली बार पारा 40 पर पहुंचा

तापमान की स्थिति देखे तो जयपुर में पहली बार इस सीजन में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा है। अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, अलवर, सिरोही को छोड़ दे तो शेष राज्य के शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। जैसलमेर में कल दिन का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो इस शहर के इतिहास में मार्च का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। इससे पहले साल 2018 में 31 मार्च को जैसलमेर में तापमान 42. 7 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ था, जो सबसे गर्म दिन रहा था।

### सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहने लगा तापमान

राज्य में तेज गर्मी के कारण कुछ शहरों में तापमान सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर रहने लगा है। श्रीगंगानगर जहां मार्च में औसत तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। वहां तापमान 40 से ऊपर चला गया। यही स्थिति झुंझुनूं के पिलानी की है। यहां भी कल दिन का तापमान सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा। वहीं जैसलमेर, अलवर, बीकानेर, चूरू में भी दिन का पारा सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

### प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 39.8 | 22.9 |
| बाड़मेर | 42.8 | 25.3 |
| बीकानेर | 41.8 | 24.5 |
| चूरू | 42.2 | 19.2 |
| जयपुर | 40 | 24.2 |
| जैसलमेर | 42.4 | 22.8 |
| जोधपुर | 40.3 | 24.2 |
| कोटा | 40.6 | 23.8 |
| गंगानगर | 41.5 | 20 |
| उदयपुर | 38.4 | 19.4 |
| भीलवाड़ा | 39.4 | 17 |
| चित्तौड़गढ़ | 40.4 | 17.2 |
| पिलानी | 42.5 | 20.2 |
| अलवर | 39.6 | 17.6 |

ANCHOR 8 दिन में 7वीं बार बढ़े तेल के

# क्रूड ऑयल सस्ता होने के बाद भी पेट्रोल पर 5.20, डीजल 4.79 पैसे हुआ महंगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम कम होने के बावजूद केंद्र सरकार लगातार तेल के दामों में इजाफा कर रही है। मंगलवार को पेट्रोल 88 और डीजल 72 पैसे महंगा हुआ जिसके बाद जयपुर में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत पढ़कर 112 रुपए 32 पैसे पर पहुंच गई। जबकि डीजल प्रति लीटर की कीमत बढ़कर 95 रुपए 61 पैसे पर पहुंच गई है। वहीं इससे पहले बीते 8 दिन में पेट्रोल 5 रुपए 20 पैसे और डीजल 4 रुपए 79 पैसे महंगा हो चूका है।

### धीरे-धीरे बढ़ेंगे दाम

राजस्थान पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनीत बगई ने बताया कि भारत के टॉप फ्यूल रिटेलर्स IOC, BPCL और HPCL को नवंबर से मार्च के बीच करीब 2.25 अरब डॉलर (19 हजार करोड़ रुपए) के रेवेन्यू का नुकसान हुआ है। ऐसे में चुनावी सीजन खत्म होने के साथ ही सरकार रिफाइनर को नुकसान से बचाने के लिए कीमत बढ़ाने की अनुमति देगी। ऐसे में पेट्रोल-डीजल कीमतों में 15 से 20 रुपए की बढ़ोतरी हो सकती है। एक साथ बढ़ोतरी ना कर के धीरे-धीरे पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए जाएंगे।

सम्पर्क करें
विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com
समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com



jagrukjanta.net
# जागरूक सिटी
Jagruk City
जागरुक जनता • जयपुर, बुधवार, 30 मार्च - 5 अप्रैल, 2022 • पेज 02

| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 39°C | 25°C |
| जोधपुर | 41°C | 23°C |
| अजमेर | 38°C | 25°C |
| उदयपुर | 39°C | 23°C |

सूर्योदय | प्रात : 06:18 बजे | सूर्यास्त | सांय : 06:36 बजे | चन्द्रोदय | 05:20 बजे | चन्द्रास्त | 04:50 बजे

## जागरूक खबरें

### निः शुल्क नेत्र जाँच, परामर्श शिविर सम्पन्न



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट के कार्यालय गायत्री कुंज, आर्य नगर, मुरलीपुरा में शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से विशाल निः शुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में 150 लोगों ने पंजीयन कराकर अपने नेत्रों की जांच करवाई। शिविर में डॉ. अदिति पचौरी के नेतृत्व में शंकरा आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया एवं अत्याधुनिक मशीनों द्वारा नेत्र रोग संबंधी Auto refraction, Manual refraction, Retinoscopy एवं Vision test किया गया। शिविर में नजर के चश्में निःशुल्क वितरित किए गए। आँखों की दवा भी निःशुल्क वितरित की गयी। शिविरार्थियों को विशेष अनुबंध के तहत नेत्र रोगों के ईलाज में विशेष छूट भी दी जाएगी। शिविरार्थियों ने शिविर में तो भाग लिया ही साथ गायत्री परिवार द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों को समझा एवं समाज सेवा से जुड़ने में रूचि दिखाई। मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद राधेश्याम शर्मा एवं समाज सेवी कार्यकर्ता सतपाल गजराज मौजूद रहें। चिकित्सक दल को को भेंट स्वरूप प्रशस्ति पत्र, दुपट्टा एवं सत-साहित्य भेंट किया गया।

### वर्ल्ड टीबी डे और आर्गन डोनेशन पर अवेयरनैस प्रोग्राम का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी नर्सिंग कॉलेज में गुरूवार को विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, प्रिंसीपल तारावती चौधरी, वाइस प्रिंसीपल जीशु बायजु ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्जवलन कर की। इस अवसर पर नारायणा हॉस्पिटल की डॉ. शिवानी स्वामी ने बताया कि इस वर्ष विश्व क्षय रोग दिवस इन्वेसट टू एन्ड टीबी सेव लाइफ थीम पर आधारित है। उन्होंने बताया कि यह दिन कोविड-19 महामारी के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि कोरोना ने टीबी से लड़ने के लिए तैयार सारी प्रगतियों को धराशाई कर के रख दिया और टीबी से जंग की प्रगति को खतरे में डाल दिया। लेकिन, हमें डरना नहीं है, बचाव के साथ-साथ सभी को जागरूक करना है। इस अवसर पर आर्गन डोनेशन अवेयनैस कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बियानी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड नाटक और गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रवि कामरा, संजय कौशिक, भावना जगवानी, गोविन्द गुरवानी और राजकुमार जी ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संजय बियानी ने कहा कि हर रोग का सम्बन्ध मन से होता है। अगर हमारे मन स्वस्थ, सकारात्मक और मजबूत है तो कोई भी रोग हमें ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सकता।

### शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारत विकास परिषद शाखा अंबाबाड़ी राजस्थान उत्त्र की नई कार्यकारणी सहित सभी सदस्यों के लिए सपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदीप शर्मा अध्यक्ष, राजेश अग्रवाल महासचिव, शिव भगवान गोयल कोषाध्यक्ष एवं नवीन कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। आर. एस. सक्सेना एवं आर. एस. त्यागी प्रांतीय अध्यक्ष एवं महासचिव ने सभी को दायित्व सपथ दिलायी कार्यक्रम में विक्रांत अग्रवाल, बी.एल. छिपा, महेश कुमावत, कमलेश शर्मा, हरि बाहेती, संदीप बाँटिया, अरुण मेहता, कैलाश शर्मा, नगेन्द्र वशिष्ठ, नित्या तोमर, श्रीचंद चोटियाँ सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर फूलो की होली से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया । मंच संचालन डा. शकुंतला शर्मा ने किया।

### होली स्नेह मिलन आयोजित




**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान पेंशनर्स समाज उप शाखा मुरलीपुरा ने गणपति पैराडाइज में होली स्नेह मिलन आयोजित किया। आयोजन में करीब 300 सेवानिवृत विशिष्ट अतिथियों के साथ मस्ती भरी ढप ताल पर जमकर झूमें। शाखा अध्यक्ष मदन लाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य/विशेष अतिथि पेंशनर समाज के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष जी. के. मीणा, नगरनिगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ,दीपक शर्मा, राजेन्द्र शर्मा,पार्षद मिनाक्षी शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, कांग्रेस विधायक प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल, शाखा संस्थापक सी. एल.वर्मा, पूर्व अध्यक्ष वैध रामगोपाल शर्मा, सिंधी समाज अध्यक्ष लोक चन्द हरिरामानी, भामाशाह .पी.एम. सोलंकी, कैलाश शर्मा, अशोक शर्मा, शाखा कोषाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, सुरेश शर्मा, किशन शर्मा के साथ सभी का सम्मान पुष्प माला एवं साफा बंधा कर किया। स्कूल कि बालिकाओं ने फागुनी गीतों भरे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष जी. के.मीणा ने संगठन कि उपलब्धियों कि विस्तार से जानकारी दी। वाद्यँत्र पर प्रस्तुति दशरथ शर्मा ने दी। मंच संचालन नगेन्द्र वशिष्ठ व हर्ष नारायण शर्मा द्वारा किया गया ।

**जयपुर कॉट्योर शो :** देश-विदेश की मॉडल्स का दिखेगा ग्लैमरस अंदाज

# जयपुर में दिखेंगे उत्तराखंड के खास भांग के पौधों से बने कपड़े

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर कॉट्योर शो (जेसीएस) में जल्द ही नए-नए फैब्रिक के कपड़ों की झलक दिखेगी। जो 6, 7 और 8 अप्रैल जयपुर के द पैलेस में होगा। इस बार इस इवेंट में सबसे खास रहेंगे भांग से तैयार हुए कपड़े। जो उत्तराखंड में उगने वाली भांग से तैयार हुए हैं। इसका लॉन्च गोपालबारी स्थित वेस्ता होटल में किया। डिजाइनर शालिनी नरुका ने बताया कि भांग के कपड़े के साथ हाथ से बुने कपड़े भी रैंप पर प्रजेंट किया जाएगा। जो भांग के पोधे के बीज और छाल से बने धागे से तैयार किए जाते हैं। इसमें कपड़े के नेचुरल कलर सफ़ेद, लाइट ग्रे और लाइट ब्राउन में डिज़ाइनर ऑउटफिट्स शोकेस किए जाएंगे। इस फैशन शो में खादी बोर्ड के ब्रांड एम्बेसडर हिम्मत सिंह, जयपुर डोरी से शालिनी नरुका, दीपक संकित, हीना बलानी और ज्वेलरी डिज़ाइनर आयेशा और राधिका ने अपने कलेक्शन को प्रजेंट करेंगे। ये कलेक्शन इंडस्ट्री के टॉप मॉडल्स, फेमिना मिस इंडिया और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज प्रजेंट करेंगे।

**हैंडलूम और रॉयल्टी रहेगा शो का मुख्य अट्रैक्शन**

**अपने** कलेक्शन की झलक शोकेस करते हुए डिज़ाइनर्स में हिम्मत सिंह ने बताया कि शो के दौरान उनका मेन्स वियर कलेक्शन रॉयल राजस्थानी कल्चर को प्रजेंट करेगा। जहां पुराने राजा-महाराजों के समय के रॉयल गारमेंट्स को खादी के समावेश के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, क्राफ्ट काउन्सिल ऑफ वीवर्स एंड आर्टिजंस से दीपक संकित ने बताया कि उनका कलेक्शन हेंडीक्राफ्ट और हैंडलूम पर बेस्ड होगा। जहां टोंक जिले के आंवा के शिल्पकार द्वारा हस्तशिल्प को प्रजेंट किया जाएगा। साथ ही हाथ से बुनी साड़ियों पर राजस्थान और गुजरात की फेमस अजरक प्रिंट की छपाई देखने को मिलेगी। ज्वैलरी डिज़ाइनर आयशा और राधिका ने बताया कि मॉडर्न वीमेन की रूटीन ज्वेलरी को शोकेस किया जाएगा। जिसमें सेमी प्रेशियस हैंडमेड फ्यूज़न ज्वैलरी खास रहेगी।

## नगर निगम ग्रेटर 7 अप्रैल को साधारण सभा बैठक बुलाने का प्रस्ताव तैयार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर की साधारण सभा 7 अप्रैल को बुलाई है। करीब 14 महीने बाद निगम में ये बैठक होगी। इस बैठक में मुख्य एजेंडा शहर की सफाई व्यवस्था को कैसे ठीक करवाया जाए इस पर चर्चा करने के साथ ही डोर टू डोर का काम देख रही कंपनी को हटाने का हो सकता है। इससे पहले जयपुर ग्रेटर में आखिरी साधारण सभा की बैठक जनवरी 2021 में हुई थी। साल 2021 में अप्रैल-मई में कोविड की दूसरी लहर और उसके बाद जून में मेयर सौम्या गुर्जर के निलंबित होने के बाद से अब तक एक बार भी नगर निगम में बैठक नहीं हो सकी थी। पार्षद लम्बे समय से बैठक बुलाने की मांग कर रहे है।

## गैंगरेप के आरोपों में फंसे कांग्रेस विधायक पुत्र मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आम आदमी पार्टी ने राजस्थान के अलवर–राजगढ़ से विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता जौहरीलाल मीणा के बेटे पर लगे गैंगरेप के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा की अगुवाई में एक दल बुधवार को अलवर जाएगा और पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा। आम आदमी पार्टी के राजस्थान में चुनाव प्रभारी और द्वारका से विधायक विनय मिश्रा ने मंगलवार को बयान जारी कर इस मामले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दबंगों के हौंसले बुलंद है। यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह तहस–नहस हो चुकी है। बेटियां सुरक्षित नहीं है।

**अल्बर्ट हॉल पर होगा मुख्य कार्यक्रम, बॉलीवुड कलाकार करेंगे परफॉर्म**

## राजस्थान दिवस समारोह पर आज स्मारकों में प्रवेश नि :शुल्क

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** बुधवार को राजस्थान दिवस समारोह इस बार राजस्थान उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान 1000 से ज्यादा कलाकार प्रदेशभर के स्मारक और संग्रहालय पर राजस्थानी लोक संस्कृति की प्रस्तुति देंगे। वहीं, जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बॉलीवुड सुंदर रूप कुमार राठौड़ सोनाली राठौड़ समेत 550 से ज्यादा कलाकार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इसके साथ ही राजस्थान दिवस के मौके पर इस बार 30 मार्च को प्रदेश के सभी राजकीय स्मारक और संग्रहालयों में विद्यार्थियों को निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

जयपुर के अलबर्ट हॉल पर होने वाले मुख्य समारोह में पुष्करवासी नाथूलाल के नगाड़ों और रावण हत्थे की धुन पर नृत्य, चंग ढप की थाप पर मार्शल नृत्य, मीराबाई के समर्पण और सूफी कलाम, राजस्थान की लोक नृत्य विद्याओं के साथ लंगा-मांगणियार की परंपरा, राजस्थान की कठपुतलियां और विराट काठ की पुतलियां, हवाई करतब की प्रस्तुतियां दी जाएगी। वहीं बेस्ट ऑफ राजस्थान-लोक कलाकारों द्वारा सामूहिक परफॉमेंस भी दी जाएगी। जबकि बॉलीवुड सेलिब्रिटी आर्टिस्ट अनवर खान, रूप कुमार राठौड़ और सोनाली राठौड़ अपनी सुरीली आवाज से राजस्थान उत्सव को और भी शानदार बनाने का प्रसाय करते नजर आयगे। इस दौरान आम जनता निशुल्क राजस्थान दिवस समारोह कार्यकर्म में शामिल हो सकती है।

दरअसल, भारत जब अंग्रेजों से आजाद हुआ तब राजस्थान कई छोटी-छोटी रियासतों में बटा हुआ था। उस वक्त यहां लगभग 22 देशी रियासतें थी। जो देशभर में सबसे ज्यादा राजपूतों की रियासतें मानी जाती थी। इसमें एक रियासत अजमेर मारवाडा अंग्रेजो द्वारा शासित थी। जबकि 21 रियासतों पर देशी राजा राज्य करते थे। जो आजादी के बाद विलय को तैयार थे। इसके बाद राजस्थान के कई छोटे-छोटे प्रान्तों का विलय करके राजस्थान राज्य बनाने की तयारी की गई। 30 मार्च 1949 में जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों का विलय होकर वृहत्तर राजस्थान संघ बना था। इसलिए तब से आज तक 30 मार्च को ही राजस्थान की स्थापना का दिन माना जाता है।

## पिंकसिटी प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव आज

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब लि. जयपुर की प्रबन्ध कार्यकारिणी 2022-23 के वार्षिक चुनाव बुधवार, 30 मार्च 2022 को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक रजिस्टर्ड कार्यालय 54 नारायण सिंह सर्किल जयपुर में होंगे। चुनाव में 968 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुनीता चतुर्वेदी ने बताया कि अध्यक्ष के एक पद के लिए चार प्रत्याशी अभय सिंह चौहान, मुकेश कुमार मीणा, राधारमण शर्मा, वीरेन्द्र सिंह राठौड़ व महासचिव पद के लिए तीन प्रत्याशी मांगी लाल पारीक, रघुवीर जांगिड़, रामेन्द्र सोलंकी और कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए चार प्रत्याशी अनिल त्रिवेदी, डी.सी.जैन, राहुल शर्मा ''गौतम'', सन्नी आत्रेय, उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए पांच प्रत्याशी गिरिराज प्रसाद गुर्जर, दिनेश चन्द्र शर्मा ''टिक्कूराणा'', निखलेश कुमार शर्मा, पंकज शर्मा, पवन पारीक चुनाव मैदान में है। निर्वाचन अधिकारी विकास शर्मा एवं सुरेश योगी ने बताया कि कार्यकारिणी के दस पदों के लिए 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिसमें अनिता शर्मा, जितेश शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा ''अधिकारी'', नमोनारायण अवस्थी, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, बाबूलाल भारती, महेश पारीक, राजेन्द्र सिंह भाटी, लोकेन्द्र सिंह, विकास आर्य, विजेन्द्र जायसवाल ''विक्की'', विपिन सिंह चौहान, सैयद शाहनवाज अली, राहुल भारद्वाज, संतोष कुमार शर्मा शामिल हैं। चुनावों की मतगणना गुरूवार, 31 मार्च को प्रातः 10 बजे क्लब सभागार में होगी।

## जागृति फाउंडेशन एवं टैलेंट क्लब की एक्जीबिशन सेमिनार संपन्न

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रहे जागृति फाउंडेशन ने आज विधाधर नगर के सैक्टर 4 मे ब्राह्मण महासभा भवन में एकदिवसीय एक्जीबिशन सेमिनार का आयोजन किया। जयपुर महानगर (ग्रेटर) की महापौर सौम्या गुर्जर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सवेरे से ही महिलाओं में एक्जीबिशन को लेकर काफी उत्साह दिखा। वार्ड नं 21 की पार्षद एवं जागृति फाऊंडेशन की फाऊंडर प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक माह एक्जीबिशन लगाई जाती है जिससे महिलाएं स्टाल्स के द्वारा अपने प्रोडक्टस् को बेच सके।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ सामाजिक कार्यो से जोड़ना भी है जिससे जरूरतमंदो की सहायता की जा सकें। सुबह से ही महिलाओं की भीड़ आनी शुरू हो गई। महिलाओं ने अपने जरूरत का सामान खरीदा।भामाशाहों एवं स्थानीय लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया। जागृति फाऊंडेशन की पूरी टीम रानी कलर के ड्रेस कोड मे दिखाई दी जिससे माहौल सतरंगी हो गया। आज के कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए लोगों ने अगले माह होने वाली एक्जीबिशन मे भी स्टाल्स लगाने की मंशा जाहिर की।




## सरकारी कॉलेजों में अब 5 छात्रों पर भी पीजी कोर्स

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में अब 20 से कम आवेदन होने पर भी पीजी कोर्स शुरू हो सकेंगे। कॉलेज आयुक्तालय ने शिथिलता देते हुए 20 छात्रों की अनिवार्यता घटाकर 5 कर दी है। पहले आर्ट्स, कॉमर्स संकाय के पीजी विषयों में एक वर्ग में अधिकतम 60 और न्यूनतम 20 छात्रों को एडमिशन दिया जा सकता था। गर्ल्स कॉलेजों में पीजी विषयों में एक वर्ग में छात्रों की न्यूनतम संख्या 10 है। अब जहां मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी लेकिन छात्र 20 से कम हैं तो भी क्लास शुरू हो सकेगी।




ANCHOR | खाकी एक्शन में

# ड्रिंक एंड ड्राइव पर अब चलेगा डंडा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोरोना काल के बाद अब पुलिस हुई सख्त, दो साल से बंद पड़े ब्रेथ एनालाइजर से चालान शुरू**




**जयपुर।** शराबियों पर नकेल के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस का डंडा भी चलने लगा है। दो साल से बंद पड़े ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल पुलिस ने शुरू कर दिया है। राजधानी में लगातार बढ़ते ड्रिंक एंड ड्राइव के प्रकरण देखते हुए जयपुर पुलिस ने ये फैसला किया है। इस बार ब्रेथ एनालाइजर में लगने वाली स्ट्रॉ की लंबाई को पहले की तुलना में थोड़ा अधिक बढ़ाया गया। इससे ट्रैफिक पुलिसकर्मी और चालक के बीच में निर्धारित दूरी कायम रह सके। इससे संक्रमण के खतरे को काफी हद तक टाला जा सकेगा। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर जयपुर ट्रैफिक पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कोरोना काल देखते हुए पिछले दिनों गृहविभाग ने आदेश जारी कर कहा था की ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल बंद किया जाए। चूंकि इससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ जाता है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर हैदर अली जैदी ने बताया कि कोरोना के कारण गृह विभाग ने ब्रेथ एनालाइजर के प्रयोग पर दो साल पहले रोक लगा दी थी। अब कोरोना का प्रभाव काफी कम हो चुका है। लोग भी इसे लेकर सजग हो चुके हैं। इसे देखते हुए दो साल बाद अब फिर से ब्रेथ एनालाइजर का प्रयोग करने का फैसला किया गया। ब्रेथ एनालाइजर के प्रयोग को लेकर जैदी ने आदेश जारी किए हैं। इसके बाद जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने होली से ब्रेथ एनालाइजर का प्रयोग करना शुरू कर दिया।

### मौके पर हो सकेगी कार्रवाई

ड्रिंक एंड ड्राइव के प्रकरणों में कार्रवाई करने के लिए कोरोना काल में पुलिस को चालक को उसका ब्लड टेस्ट कराने के लिए अस्पताल ले जाना पड़ता था जिसमें काफी समय लगता था। अब फिर से ब्रेथ एनालाइजर का प्रयोग कर मौके पर ही ड्रिंक एंड ड्राइव की कार्रवाई की जा सकेगी।

### गाड़ी होगी जब्त

शहर में दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए डीसीपी श्वेता धनखड़ ने इस पर सख्ती से चालान करने के निर्देश दिए हैं। शराब पीने वाले वाहन चालकों की गाड़ी को जब्त किया जाएगा। इसके लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है जिसका असर दिखने भी लगा है। धनखड़ ने बताया कि शराब पीने वाले व्यक्ति ना केवल खुद की जान को संकट में डालता है बल्कि वह दूसरे की जान भी ले सकता है। हादसा हो जाने से पूरा परिवार बिखर जाता है। लिहाजा शराब पीकर वाहन चलाने वालों को कोई रियायत नहीं दी जा रही है। यहीं वजह है कि पुलिस ने महज कुछ दिन में रेकॉर्ड चालान किए हैं।

### सबसे ज्यादा जुर्माना

जुर्माना राशि में बढ़ोतरी का असर पुलिस के चालान में भी नजर आया। पुलिस ने एमवीएक्ट में जो चालान किए हैं उसमें आंकड़ों की बात की जाए तो तीन साल में सबसे ज्यादा जुर्माना राशि वर्ष 2021 में वसूली जा चुकी है।

अमित शाह के लिए चार्टर प्लेन भेजेंगे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत!

# बोले-हम निवेदन करेंगे कि वे राजस्थान आकर क्राइम कंट्रोल के इनोवेशन देखें

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कांग्रेस विधायक जौहरीलाल मीणा के बेटे पर गैंगरेप का केस दर्ज होने के बाद सियासत गरमा गई है। बीजेपी नेता जितेंद्र गोठवाल के कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को ट्रेन का टिकट भेजकर विधायक पुत्र के रेप मामले में पीड़िता को न्याय नहीं मिलने का जिक्रकरने पर सीएम अशोक गहलोत ने पलटवार किया है। गहलोत ने अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चार्टर प्लेन भेजकर राजस्थान आने का न्योता दिया है। गहलोत ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा- भाजपा के नेता राजस्थान में क्राइम को लेकर बार-बार प्रियंका गांधी को आमंत्रित करते हैं। प्रियंका जी किसी संवैधानिक पद पर भी नहीं हैं। हम गृहमंत्री अमित शाह के लिए चार्टर प्लेन भेजकर निवेदन करना चाहेंगे कि वो राजस्थान आएं। यहां आकर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के संबंध में किए गए नवाचारों और अपराध के खिलाफ की गई कठोर कार्रवाई की जानकारी लें। ताकि बीजेपी की ओर से फैलाए जा रहे भ्रम दूर हो सकें।

### अनिवार्य एफआईआर की नीति लागू की

**गहलोत** ने कहा-हमने FIR पंजीकरण अनिवार्य करने का साहस दिखाया। अनिवार्य एफआईआर पंजीकरण नीति लागू करते समय हमें पता था कि अपराध के आंकड़ों में बढ़ोतरी होगी। विपक्ष, मीडिया इस पर सवाल उठाएगा, लेकिन हर पीड़ित को इंसाफ दिलाने के लिए हमने यह नीति लागू की। पहले पॉक्सो एक्ट के पीड़ित कार्रवाई न होने के डर से मन मारकर रह जाते थे। अब उनका सरकार में भरोसा जागा है, वो एफआईआर दर्ज करवा रहे हैं। पुलिस हर एफआईआर को अंत तक पहुंचा रही है। अपराधियों को सजा मिल रही है। अनिवार्य एफआईआर पंजीकरण नीति लागू होने से पहले महिला अपराधों की 33.4% एफआईआर अदालतों के आदेश पर इस्तगासे के माध्यम से दर्ज होती थी। इस नीति के बाद यह संख्या केवल 16% रह गई है।

### गुजरात में राजस्थान से ज्यादा क्राइम

गहलोत ने कहा- एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2020 में लॉकडाउन होने के बावजूद पूरे देश में पिछले साल की तुलना में अपराधों में 28.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राजस्थान में 14.46% की कमी हुई। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में 2020 में डकैती, लूट, अपहरण, रेप, बलवा, नकबजनी, चोरी सहित सभी तरह के अपराधों में कमी आई है। इस दौरान अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में तो अपराध में 62.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2021 में भी राजस्थान में 2019 की तुलना में अपराधों में 4.77 प्रतिशत की कमी हुई है।

### 279 से घटकर 79 दिन रह गया महिला अत्याचारों की जांच का समय

**गहलोत** ने कहा- महिला अत्याचारों की जांच भाजपा सरकार के दौरान 2017-18 में 274 दिन में हुआ करती थी। अब अब 79 दिन रह गया है। महिला अपराधों के लिए हर जिले में एडिशनल एसपी की नियुक्ति की गई है। अदालत से भी कोई अपराधी बच न सके, इसलिए लीगल ऑफिसर्स की नियुक्ति की है। इन सभी कदमों से पीड़ितों को राहत मिली है। अपराधियों में भय व्याप्त हुआ है। मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया कि पूरे देश में अनिवार्य एफआईआर पंजीकरण नीति लागू हो, जिससे सभी प्रदेशों के असल आंकड़े सामने आ सकें। दुखद है कि अभी तक ऐसा नहीं है।

### राजस्थान में कानून-व्यवस्था बेहतर

**मुख्यमंत्री** ने कहा- अनिवार्य एफआईआर पंजीकरण के बावजूद अपराधों में कमी दिखाता है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति भाजपा शासित राज्यों से बेहतर है। हमारी सरकार के 3 सालों में पॉक्सो एक्ट के 620 मामलों में सजा सुनाई गई है। इनमें 7 को फांसी, 137 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। हम बीजेपी की तरह अपराध पर राजनीति नहीं करते हैं। अपराधियों को कठोर दंड देकर अंजाम तक पहुंचाते हैं।

कार्यकर्ता सम्मेलन : नए सिरे से पदाधिकारियों की होगी नियुक्ति

# राजस्थान में आम आदमी पार्टी का होगा नया संगठन



डिजिटल मेंबरशिप अभियान शुरू

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने राजस्थान में तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत पार्टी अपने संगठन को नए सिरे से तैयार करेगी। आप राजस्थान के प्रभारी विनय मिश्रा ने प्रदेश कार्यकारिणी से लेकर जिला लेवल तक की सभी कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की है। नए सिरे से पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। इसी के साथ पार्टी ने डिजिटल मेंबरशिप अभियान भी शुरू किया है। जयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गई। आप ने इसी सम्मेलन से चुनावी तैयारियों की शुरुआत की।

### बिना अनुशासन पार्टी तो परिवार भी नहीं चल सकता

सम्मेलन में राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहने की सीख देते हुए चेतावनी दी कि अब अनुशासनहीन लोगों के लिए जगह नहीं होगी। उन्होंने कहा- पार्टी में कई कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर पार्टी नेताओं के खिलाफ कमेंट करते रहते हैं। हमारे खिलाफ तो लिख दो कोई बात नहीं लेकिन पार्टी के सर्वोच्च नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भी लिख देते हैं। अनुशासनहीनता करने वाले ऐसे किसी भी व्यक्ति को आप बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे किसी साथी की हमें जरूरत नहीं है। पार्टी, संस्था, स्कूल, कॉलेज सहित अनुशासन हर जगह जरूरी होता है, बिना अनुशासन पार्टी तो परिवार भी नहीं चल सकता।

### भाजपा से सीखे संगठन का इस्तेमाल

संजय सिंह ने कहा- भाजपाइयों को देख लो। अपनी बुरी से बुरी बात को पहुंचाने के लिए अपने संगठन का इस्तेमाल करते हैं। एक बार भाजपाइयों ने तय किया है कि अफवाह फैलानी है गणेशजी दूध पी रहे हैं, तीन घंटे में पूरे देश में लोग गणेशजी को दूध पिलाने लगे। दुनिया में अलग अलग हिस्सों में लोग गणेशजी को दूध पिलाने लगे। भाजपाई, आरएसएस वाले खड़े थे, मैं भी उनके साथ खड़ा था। एक व्यापारी थे वे हाथ में लोटा लेकर आए कि गणेशजी ने हमारा दूध नहीं पीया, तो बोले कि आपने पाप किए होंगे। इस पर व्यापारी ने तत्काल कह दिया कि पीया था, लेकिन थोड़ा पीया था। अपने तर्कों-कुतर्कों से भाजपाई ऐसी बात करते हैं कि आप तुरंत घबरा जाते हो और उनके आगे बोल ही नहीं पाते।

### गहलोत सरकार के खिलाफ आंदोलन होगा

दिल्ली की द्वारिका सीट से विधायक राजस्थान चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में कल ही चुनाव होने वाले है। इस सोच के साथ राजस्थान में आप कार्यकर्ता काम करेंगे। तीन महीने का विशेष सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर प्रभारी होंगे। राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार की विफलताओं को जनता के बीच ले जाएंगे। सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन के दौरान लाठी भी खानी पड़ी तो वे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने बेरोजगार युवाओं से धोखा किया। आज राजस्थान में बेरोजगारी की दर 32 फीसदी हो चुकी है। प्रदेश में ईमानदार पार्टी की जरूरत है, जो शिक्षा की बात करे, जो स्वास्थ्य की बात करे, बिजली की बात करे, पानी की बात करे, महिलाओं के समाज की बात करे, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराने की बात करे।

पन्द्रहवीं विधान सभा का सप्तम सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

# विस बजट-सत्र में संकट मोचक ही बने सरकार का संकट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही कल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। मौजूदा बजट सत्र में सदन के भीतर कई घटनाएं यादगार रहेंगी। सरकार के संकट मोचक ही कई बार संकट बनते दिखे। कांग्रेस विधायकों ने सदन में कई मुद्दों पर सरकार को घेरा जिनकी खूब चर्चा हुई। रीट फर्जीवाड़े पर सरकार को जमकर घेरा गया। पुरानी पेंशन बहाल कर सीएम अशोक गहलोत ने देशव्यापी चर्चा बटोरी।

सरकार को गुरुकुल यूनिवर्सिटी का बिल फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद सदन में पारित करवाने के लिए लिस्टेड करने के बाद वापस लेना पड़ा। इस मामले में सरकार की जमकर किरकिरी हुई। कई मौकों पर सरकार को कांग्रेस विधायकों ने ही सदन में घेरा। सरकार के संकट मोचक मंत्री शांति धारीवाल ने गृह विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के जवाब में राजस्थान को रेप में नंबर वन होने को मर्दों के प्रदेश से जोड़कर सरकार के लिए संकट खड़ा कर दिया, इस पर खूब विवाद हुआ।

### सीएम सलाहकार से लेकर कांग्रेस विधायकों तक ने सरकार को घेरा

बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा ने कई बार सरकार को घेरा। संयम लोढ़ा ने बजट से लेकर अनुदान मांगों पर बहस के दौरान सरकार पर जमकर सवाल उठाए। संयम लोढ़ा ने शांति धारीवाल से लेकर सरकार के कई मंत्रियों पर सवाल उठाए। लोढ़ा के कमेंट सियासी हलकों में खूब चर्चा में रहे। कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने जलदाय मंत्री को रबर स्टांप कहकर सदन में घेरा। कांग्रेस विधायक अमीन खान ने कांग्रेस पर मुसलमानों की सुनवाई नहीं करने का खुलकर आरोप लगाया। अमीन खान ने कई मौकों पर तेवर दिखाए।

### भरत सिंह ने पूरे बजट सत्र सदन में नहीं आकर नाराजगी जताई

कांग्रेस विधायक भरत सिंह लगातार सरकार पर निशाना साध रहे हैं। भरत सिंह पूरे बजट सत्र सदन में नहीं आए। भरत सिंह सरकार से नाराज चल रहे हैं। खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

### एंटी चीटिंग बिल पर फूट फूट कर रोए थे कटारिया

विधानसभा में 24 मार्च को एंटी चीटिंग बिल पर बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया फूट फूट कर रोए। सदन में नेता प्रतिपक्ष को इस तरह रोते देख हर कोई अचंभित था। कटारिया ने भावुक होकर कहा कि सरकारी नौकरियां पैसे वालों के हाथ बेच दी हैं, मेरा गरीब का बच्चा कहां जाएगा?

### बजट में पुरानी पेंशन बहाल की घोषणा की देश भर में चर्चा

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 23 फरवरी को विधानसभा में पेश बजट में ओल्ड पेंशन स्कीम फिर से लागू करने की घोषणा की। 2004 के बाद भर्ती सभी कर्मचारियों को अब न्यू पेंशन स्कीम की जगह पहले की तरह रिटायर होने पर पुरानी पेंशन मिलेगी। गहलोत के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने भी पुरानी पेंशन बहाल करने की घोषणा की है। पुरानी पेंशन को बहाल करने की देश भर में चर्चा है। गहलोत इसे मास्टर स्ट्रोक मान रहे हैं।

### 25 दिन चला बजट सत्र, 171 घंटे 19 मिनट चला सदन


विधानसभा का बजट सत्र 25 दिनों तक चला। 25 दिन के दौरान 171 घंटे 19 मिनट सदन की कार्यवाही चली। बजट सत्र में 15 विधेयक सदन में रखे गए और 14 विधेयक पारित करवाए गए।

### स्पीकर कई बार हेडमास्टर की भूमिका में दिखे, सीएम सलाहकार तक को बाहर किया

**बजट** सत्र में विस स्पीकर सीपी जोशी कई बार हेडमास्टर की भूमिका में दिखे। सदन के नियमों-परंपराओं का उल्लंघन करने पर स्पीकर ने पक्ष-विपक्ष के विधायकों ही नहीं कई बार मंत्रियों तक को फटकार लगाई। स्पीकर ने बिना अनुमति बोलने पर सीएम सलाहकार संयम लोढ़ा तक को मार्शल बुलवाकर सदन से बाहर निकलवा दिया। इसके अलावा आरएलपी विधायकों को हंगामे के कारण सदन से निष्कासित किया था, बाद में बहाली हुई। संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल तक को कई बार बीच में बोलने की अनुमति नहीं दी।













**सीखने की बात**

**अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...**

- अज्ञात

# समझदारी जरूरी

**हिजाब** मामले में देश की सर्वोच्च अदालत का रुख प्रथम दृष्टया प्रशंसनीय और सांकेतिक है। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना के रुख से समाज में समझदारी का अनुपात बढ़ना चाहिए। अदालत का इशारा है कि मामले को ज्यादा सनसनीखेज न बनाया जाए। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लाने वाले अधिवक्ता ने परीक्षाओं का हवाला देते हुए जल्दी सुनवाई की मांग की थी, पर अदालत को जल्दी नहीं है। अदालत ने कहा है कि परीक्षाओं का इस मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। परीक्षा देने संबंधी जो प्रावधान हैं, उनमें हिजाब जैसी कोई बात नहीं है। कर्नाटक में कई लड़कियों ने हिजाब पहनने की जिद के कारण परीक्षा में बैठने से इनकार कर दिया था। कर्नाटक सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि दोबारा परीक्षा नहीं ली जाएगी, जबकि कुछ लड़कियों की मांग है कि परीक्षा फिर से ली जाए, वरना साल बर्बाद हो जाएगा। यहां प्रश्न प्राथमिकता का है, हिजाब या परीक्षा? ऐसे कारणों से अगर परीक्षा दोबारा होने लगे, तो एक नई परिपाटी शुरू हो जाएगी, जिसे गलत मानने वाले भी अच्छी-खासी संख्या में होंगे। फिर भी उन लड़कियों के बारे में शिक्षा के कर्णधारों को स्थानीय स्तर पर कोई फैसला लेना चाहिए, ताकि उनका साल बर्बाद न हो। वैसे तो कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पहले ही अपना फैसला सुना दिया है कि हिजाब अनिवार्य नहीं है। यह कोई ऐसा हक नहीं है, जो मजहब से हासिल होता हो। आम जनजीवन में हिजाब पर कोई रोक नहीं है, कोई भी पहन सकता है, लेकिन जब बात स्कूल और कॉलेज की आती है, तो अनुशासन और एकरूपता को अहमियत देना अपरिहार्य है। जाहिर है, इस फैसले से असंतुष्ट लोगों ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और सर्वोच्च न्यायालय ने बिल्कुल वाजिब इशारा किया है कि यह मामला उतने महत्व का नहीं है, जितना उसे बनाया जा रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने न्यायिक और धार्मिक आधारों के अध्ययन के बाद अपने फैसले में हिजाब सहित शैक्षणिक संस्थानों के अंदर सभी तरह के धार्मिक कपड़ों पर प्रतिबंध को सही माना था। अब सर्वोच्च न्यायालय को विचार करना है, क्या हिजाब जरूरी धार्मिक प्रथा है। वास्तव में, ऐसे मामलों को हम जरूरत से ज्यादा तरजीह देने लगे हैं। कई बार सनसनीखेज और हिंसक भी बना दे रहे हैं। अगर हम इसी मामले को लें, तो उच्च न्यायालय के जिन न्यायाधीशों ने यह फैसला सुनाया था, उन्हें मौत की धमकी दे दी गई। शिकायत मिलने के बाद न्यायमूर्तियों को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। किसी भी चीज को धर्म के नजरिए से देखने में बुराई नहीं है, पर जब सांप्रदायिकता के नजरिए से देखा जाता है, तब समस्या होती है। हिजाब के पक्ष और विपक्ष, दोनों तरफ सांप्रदायिकता की घुसपैठ है। अदालत इस घुसपैठ से परे जाकर संविधान की रोशनी में ही विचार करेगी। आज समाज जिस ओर बढ़ रहा है, उसमें सांप्रदायिकता की चाशनी में पगे ऐसे मामले खूब सामने आएंगे। अव्वल तो लोगों को ही सावधान रहना होगा। स्कूलों, कॉलेजों में प्राथमिकता पढ़ाई ही रहे। सामान्य शिक्षा किसी धार्मिक कर्मकांड का क्षेत्र नहीं है। स्कूलों-कॉलेजों के बाहर धार्मिक व्यवहार की भी पूरी आजादी है, जिसकी रक्षा संविधान करता है और हमेशा करेगा। अब स्कूलों में भी धर्म के नाम पर किसी परिधान को अगर स्वीकार किया जाना है, तो इसके लिए भी सद्भाव जरूरी है, ताकि हम अप्रिय स्थितियों से बचते हुए राह निकाल सकें।

## सम्पादकीय

# अलविदा पाबंदियां

**भारत** में ठीक दो साल पहले लॉकडाउन लगा था और अब 1 अप्रैल से आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधान हटने के साथ ही लॉकडाउन इतिहास की बात हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने 24 मार्च, 2020 को लॉकडाउन लगाने की घोषणा की थी, तब भारत में कुल कोरोना संक्रमित 564 लोग थे और इस महामारी को लेकर भयानक भय व्याप्त था। तब लोग यह मान रहे थे कि कोरोना का मतलब मौत है, इसलिए सरकार ने जब लॉकडाउन का फैसला लिया, तो इसे जान बचाने की दिशा में एकमात्र विकल्प माना गया। आज जब बची-खुची पाबंदियां भी खत्म होने जा रही हैं, तब देश में कोरोना संक्रमितों की दर्ज संख्या 23,000 है, लेकिन कोरोना का भय समाप्त हो चुका है। समय-समय की बात है। कोरोना लहर की तीन-तीन आंधियां झेलने के बाद हम निडर हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी की जाने वाली स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स जारी रहेंगी, लेकिन केंद्र सरकार ने कोविड रोकथाम के उपायों को लेकर पहली बार 24 मार्च, 2020 को जो आदेश जारी किए थे, उसकी अवधि 31 मार्च को खत्म हो जाएगी और उसके बाद उचित ही कोई नया आदेश जारी नहीं होगा। कहा जा रहा है कि मास्क लगाने और शारीरिक दूरी बनाए रखने के नियम लागू रहेंगे, लेकिन क्या यह संभव है? आज बाजारों, ट्रेनों, मेट्रो, सार्वजनिक वाहनों में जो हालात दिख रहे हैं, ज्यादातर जगह शायद ही कोई किसी को मास्क पहनने के लिए कह पा रहा है, और शारीरिक दूरी की चिंता तो अब कुछ ही लोगों को है। सरकार ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की सिफारिशों के बाद यह फैसला लिया है। बेशक, आपदा प्रबंधन में लगे तमाम लोग बधाई के हकदार हैं। समय रहते लॉकडाउन और यथासंभव सावधानी के बावजूद भारत में दूसरी लहर के समय 6 मई, 2021 को चार लाख 14 हजार से अधिक नए मामले दर्ज हुए थे। भारत जैसे विशाल देश में अगर कड़ाई नहीं बरती गई होती, तो हम संक्रमण को कतई संभाल नहीं पाते। अप्रैल-मई 2021 में हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था का जो हाल था, वह लॉकडाउन के बावजूद था। अगर लॉकडाउन न होता, तो क्या होता? अतः हमें खुले मन से यह स्वीकार करना चाहिए कि लॉकडाउन से लाख शिकायतें होंगी, लेकिन लॉकडाउन ने असंख्य भारतीयों के जीवन की रक्षा की है। अमेरिका में हमारी तुलना में एक तिहाई से भी कम आबादी है, लेकिन वह लॉकडाउन के अभाव में ही कोरोना संक्रमण को रोकने में एक हद तक नाकाम हुआ। वहां आज भी प्रतिदिन 25 हजार से ज्यादा मामले आ रहे हैं। बहरहाल, कोरोना बचाव संबंधी प्रावधानों को हम अब शायद ही कभी भूल पाएंगे, लेकिन भविष्य में कभी भी ऐसी स्थिति आए, तो हमें बेहतर ढंग से लॉकडाउन के लिए तैयार रहना होगा। 1 अप्रैल से जब किसी तरह की पाबंदी नहीं रह जाएगी, तब स्कूल भी पूरी तरह खुल जाएंगे। सिनेमा हॉल, सभागार भी पूरी तरह से चल पड़ेंगे। वैवाहिक व सांस्कृतिक आयोजनों की अबाध शुरुआत हो जाएगी, लेकिन तब भी हमें सावधान रहना होगा। कुछ जगहों पर राज्य सरकारें भले मास्क या शारीरिक दूरी की अनिवार्यता खत्म कर दें, लेकिन हमें अपनी ओर से हालात देखते हुए चलना होगा। भीड़ भरी बंद जगहों पर मास्क और शारीरिक दूरी वैज्ञानिक रूप से भी अपरिहार्य है। भारत में टीकाकरण अभियान 181.56 करोड़ से ज्यादा खुराक के बाद भी जारी है, बेशक, हमें सुरक्षित रहने के लिए हरसंभव कदम उठाते रहना होगा।

**राजनीति में शुद्धता लाने का दावा करने वाले तमाम राजनीतिक दल दरअसल अपराधी तत्वों को पनाह देने के काम में जुटे हैं। इसका नतीजा यह है कि आज बाहुबली और अपराधी किस्म के लोग मंत्री बने बैठे हैं और देश की जनता लोकतंत्र को लहूलुहान होते देख रही है।**

# दागी नेताओं ने किया लोकतंत्र को लहूलुहान



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

> **तमाम राजनीतिक दलों के नेता अक्सर यह दावा करते हैं कि वे राजनीति को अपराधियों से मुक्त करना चाहते हैं, लेकिन हकीकत इसके बिलकुल उलट है। आज आलम यह है कि हमारे लोकतंत्र पर अपराधी तत्वों का कब्जा बढ़ता जा रहा है।**

**जो** लोग राजनीति में अपराधी तत्वों की घुसपैठ पर चिंता जताते रहे हैं, उन्हें चुनावी सुधारों के लिए काम करने वाले समूह एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा रिपोर्ट से और बेचैनी हो सकती है। एडीआर की यह रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में भगवंत मान के मंत्रिमंडल में शामिल 11 लोगों में 7 मंत्रियों के ऊपर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 4 मंत्री तो ऐसे हैं जिन पर गंभीर अपराध के केस दर्ज हैं। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट में भी कई दागी लोग शामिल हैं। योगी मंत्रिमंडल के 49 फीसदी यानी 22 मंत्रियों पर आपराधिक केस दर्ज हैं। इसके अलावा 44 फीसदी मंत्रियों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

योगी सरकार की केबिनेट में शामिल जिन सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले घोषित हैं, उनमें नंदगोपाल गुप्ता नंदी, दयाशंकर सिंह, मयंकेश्वर शरण सिंह, केशव प्रसाद मौर्य, भूपेंद्र चौधरी, राकेश सचान, कपिल देव अग्रवाल, रविंद्र जायसवाल, योगेन्द्र उपाध्याय, मनोहर लाल, सोमेन्द्रसिंह तोमर, गिरीश चंद्र यादव, संजयसिंह गंगवार, दिनेश खटीक, अनिल राजभर, ब्रजेश सिंह, सतीश चंद्र शर्मा, सुरेश राही, प्रतिभा शुक्ला, विजयलक्ष्मी गौतम, रमेश सिंह और धर्मपाल सिंह के नाम शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक मामले प्रयागराज से जीतकर आए नंदगोपाल गुप्ता नंदी पर हैं। उन पर कुल 7 आपराधिक मामले हैं, इनमें 13 गंभीर किस्म की धाराओं में हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने ही पिछले साल खुलासा किया था कि केंद्र में नरेंद्र मोदी केबिनेट में भी 42 फीसदी मंत्री दागी छवि के हैं। एडीआर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल के 78 मंत्रियों में से 42 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की है। इनमें से चार पर हत्या के प्रयास से संबंधित मामले भी हैं। एडीआर ने चुनावी हलफनामों का हवाला देते हुए कहा कि इन सभी मंत्रियों के किए गए विश्लेषण में 42 प्रतिशत (33) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने का उल्लेख किया है।





करीब 24 यानी 31 प्रतिशत मंत्रियों ने हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती आदि समेत गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है।

गृह राज्य मंत्री बने कूच बिहार निर्वाचन क्षेत्र के निशिथ प्रमाणिक ने अपने खिलाफ हत्या से जुड़े एक मामले की घोषणा की है। चार मंत्रियों ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामलों की जानकारी दी है। ये मंत्री हैं- जॉन बारला, प्रमाणिक, पंकज चौधरी और वी मुरलीधरन। इसके अलावा, रिपोर्ट में जिन मंत्रियों का विश्लेषण किया गया उनमें से 70 (90 प्रतिशत) करोड़पति हैं। जन सेवा की दुहाई देकर राजनीति में आने वाले इन नेताओं की जायदाद पर नजर डालें, तो पता चलता है कि केंद्र सरकार में प्रति मंत्री औसत संपत्ति 16.24 करोड़ रुपए है। कुछ मंत्रियों ने 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति का उल्लेख किया है। इनमें ज्योतिरादित्य सिंधिया, पीयूष गोयल और राजीव चंद्रशेखर के नाम भी शामिल हैं। हाल ही गठित पंजाब केबिनेट की बात करें तो मंत्रियों की औसत संपत्ति 2.87 करोड़ रुपए है। केबिनेट में 9 यानी 82 प्रतिशत मंत्री करोड़पति हैं। पंजाब केबिनेट में सबसे ज्यादा संपत्ति वाले मंत्रियों में पहला नाम होशियारपुर से चुने गए ब्रह्मशंकर जिम्पा का है। उनके पास 8.56 करोड़ रुपए की संपत्ति है। यूं तो आम आदमी पार्टी अपने पढ़े-लिखे उम्मीदवारों के लिए जानी जाती है, लेकिन पंजाब केबिनेट में 45 फीसदी मंत्री 10वीं या 12वीं पास हैं। 55 प्रतिशत ने ग्रेजुएट किया है। सीएम पद की शपथ लेने वाले भगवंत मान 12वीं पास हैं। उनके पास 1 करोड़ रुपए की संपत्ति है। महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली आम आदमी पार्टी ने सिर्फ एक महिला नेता को केबिनेट में जगह दी है। एडीआर की ही रिपोर्ट बताती है कि विधानसभाओं में ही नहीं, बल्कि मौजूदा लोकसभा के लिए 2019 में जीतने वाले 539 सांसदों में से 233, यानी 43 प्रतिशत सदस्यों ने खुद पर आपराधिक मामले होने की जानकारी दी है, जबकि 2014 के लोकसभा चुनाव में 542 विजेताओं में से 185 दागी चुनकर आए थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत 543 सांसदों में से 162 था। यानी, 2009 से 2019 तक आपराधिक छवि वाले सदस्यों की लोकसभा में मौजूदगी 44 फीसदी बढ़ गई थी।

इतने लंबे-चौड़े आंकड़े पेश करने का मकसद यह है कि हम लोग हमारे तमाम राजनीतिक दलों के दोगले चेहरे को अच्छी तरह से जान सकें और पहचान सकें। ये वही राजनीतिक दल हैं, जो राजनीति में शुद्धता का ढिंढ़ोरा तो अक्सर पीटते हैं, लेकिन इनकी कथनी और करनी में इतना फर्क है कि जब भी शुद्धता की अपेक्षा होती है, ये दल पीठ दिखा जाते हैं। हर बार सभी राजनीति दल अपराधी तत्वों को टिकट न देने पर सैद्धान्तिक रूप में सहमति जताते हैं, पर टिकट देने के समय उनकी सारी दलीलें और आदर्शवादी बातें काफूर हो जाती हैं। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। तमाम राजनीतिक दलों के छोटे-बड़े नेता अक्सर यह दावा करते हैं कि वे राजनीति को अपराधियों से मुक्त करना चाहते हैं, लेकिन हकीकत इसके बिलकुल उलट है। इसी का नतीजा है कि हमारे लोकतंत्र पर अपराधी तत्वों का कब्जा बढ़ता जा रहा है। जबकि हमारे संविधान और हमारे लोकतंत्र का सम्मान करना हर नागरिक का राष्ट्रधर्म है, क्योंकि इस कुर्सी पर व्यक्ति नहीं, चरित्र बैठता है। इसलिए अगर हमें लोकतंत्र को कायम रखना है और इसे और मजबूत बनाना है, तो इसके लिए हमें साफ-सुथरी छवि के राजनेताओं को आगे लाना होगा।

## कविता

### हे, रत्ना



**सरिता पान्डेय**
तुलसी तीर्थ राजापुर, चित्रकूट
@jagrukjanta.net

संवत पन्द्रह सौछाछ
सौम्य कालिंदी तीर
चैत्र कृष्ण वर अष्टमी
रत्ना धरेऊ शरीर।

मन की कलियां
खिली एक निधि मिल
गई।
हे रत्ना तुम्हारे जन्म
की तिथि मिल गई।

पार्वती के मन की बगिया खिली।
पाठक घर जन्मी बिटिया रत्नावली।
सुनौरा कुल को आज सुनिधि मिल गई।
हे

थी मूल में जो महान विडंबना आज तक न दिखी।
मां हुलसी श्रीआत्मा की कुलवधू क्यों रही छिपी।
अंधेरों में आज रोशनी मिल गई।
हे रत्ना तुम्हारे जन्म की.....

संतो से पूछा महंतो से पूछा।
खता कौन थी जो भाग्य है रुठा।
आज दर्द को जैसे औषधि मिल गई।
हे रत्ना तुम्हारे जन्म की ....

इस सौगात में शुक्रिया आज है उनका।
श्री प्रकाश नाम धाम प्रयाग है जिनका।
हर्ष की बेला को विधि मिल गई।
हे रत्ना तुम्हारे जन्म की.....

वैराग्य धारण किया था जिसने।
चैत्र कृष्ण अष्टमी को जन्म लिया था उसने।
सरिता करें कविता लेखनी मिल गई।
हे रत्ना तुम्हारे जन्म की...

## ओपिनियन

# इस्लामी राष्ट्र भी कश्मीर पर पाक के साथ नहीं



**सुशांत सरीन**
सीनियर फेलो, ओआरएफ
@jagrukjanta.net

**इस्लामी** सहयोग संगठन (ओआईसी) में एक बार फिर कश्मीर का मसला उठा है। इसकी बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अनुच्छेद 370 के संदर्भ में भारतीय संविधान में किए गए सुधार को लेकर नई दिल्ली पर निशाना साधा और कहा कि इस्लामी मुल्कों ने कश्मीर के बाशिंदों को निराश किया है। उनका यह रुख नया नहीं है। इमरान खान ने वही किया है, जो हर बार इस मंच पर पाकिस्तान करता आया है। जिन तीन मकसद से इस्लामाबाद इस संगठन का इस्तेमाल करता रहा है, उनमें सबसे ऊपर कश्मीर है। इसके बाद खुद को दूसरे से ज्यादा मुसलमान साबित करने, यानी उम्माह की ठेकेदारी अपने पास रखने और संपन्न इस्लामी मुल्कों से नजदीकी बढ़ाकर अपने सियासी, कूटनीतिक व आर्थिक हितों को साधने की मंशा से वह ओआईसी की बैठकों में शामिल होता आया है।

मगर पिछले चार-पांच दशकों का अनुभव बताता है कि ओआईसी को शायद ही कोई मुल्क संजीदगी से लेता है। 1960 के दशक में जिस फलस्तीन के मसले पर इस संगठन की नींव रखी गई थी, आज खुद उससे यह पीछे हट चुका है और बड़े, संपन्न इस्लामी राष्ट्र इजरायल के साथ अपने रिश्ते सुधारने में जुटे हैं। आलम यह है कि यहां हर देश अपने-अपने हितों का पोषण कर रहा है, जिसके कारण कई बार सदस्य मुल्कों के मत आपस में मेल नहीं खाते। फिर, अरब एवं खाड़ी देशों के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हुए हैं, इसलिए ऊपरी तौर पर ओआईसी के सदस्य भले एकजुटता जाहिर करें, लेकिन व्यावहारिक तौर पर वह प्रतिगामी कदम उठाने से बचते हैं। दरअसल, भारत में जब से मोदी सरकार आई है, हमारी विदेश नीति में मध्य-पूर्व को काफी तरजीह दी गई है। नतीजतन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, बहरीन जैसे तमाम देशों के साथ भारत के संबंध काफी मजबूत हो गए हैं। ये मुल्क अब हमारे यहां निवेश भी करने लगे हैं। अमीरात के साथ हमने मुक्त व्यापार समझौता किया है। हमारे पश्चिम में जो क्वाड बन रहा है, उसमें भारत और अमेरिका के साथ अमीरात व इजरायल भी शामिल हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय कश्मीर मसले पर ओआईसी चर्चा कर रहा था, ठीक उसी वक्त अमीरात व सऊदी अरब का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल निवेश के मौके तलाशने के लिए कश्मीर में डेरा डाले हुए था। यह एक तरह की स्वीकारोक्ति है कि घाटी को लेकर भारत का जो रुख है, उसे अरब देश सही मानते हैं। उनके इस रवैये की झलक 2019 में ही दिख गई थी, जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सऊदी अरब के दौरे में उनको वहां का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। इससे पहले बहरीन भी उनको सम्मानित कर चुका था।

ओआईसी में कश्मीर की चर्चा पहले भी होती रही है, लेकिन 90 के दशक के बाद जब से कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा है, तब से पाकिस्तान इसको बेमतलब हवा देने की कोशिश करता रहा है। लिहाजा, ओआईसी ने इस बाबत पांच देशों का 'कॉन्टेक्ट ग्रुप' बनाया हुआ है, वही मुख्य विमर्श से इतर कश्मीर पर चर्चा करता है। साफ है, पाकिस्तान बेशक शोर मचाता रहे, पर इस्लामी दुनिया के मुल्क कोई भी कदम उठाने से पहले अपने-अपने हितों को तरजीह देना नहीं भूलते। यही वजह है कि बयान जारी करने के अलावा ओआईसी ऐसा कोई कदम नहीं उठाता, जो भारत को नागवार गुजरे।

हालांकि, ओआईसी की तरफ से ऐसे बयान न आएं, इसके उपाय किए जाने की वकालत बार-बार की जाती है। कई बार ऐसा हुआ भी है कि पाकिस्तान की मंशा को सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश पूरा नहीं होने देते, लेकिन चूंकि कई बार मुस्लिम देशों को एकजुटता भी दिखानी होती है, इसलिए वे कश्मीर मसले पर साझा बयान जारी कर देते हैं। पाकिस्तान जरूर चाहता है कि कश्मीर इस्लामी दुनिया का एकमात्र मुद्दा बन जाए, लेकिन ओआईसी इसे उम्माह का मसला नहीं मानता। कहा तो यह भी जाता है कि 57 मुल्कों के इस संगठन का सदस्य भारत को बन जाना चाहिए। मगर इसके सदस्य की एक अनिवार्य शर्त मुस्लिम बहुल राष्ट्र होना है। 2018 में बांग्लादेश ने भारत को पर्यवेक्षक देश बनाने की मांग की थी, क्योंकि यहां विश्व की 10 फीसदी से अधिक मुस्लिम आबादी बसती है, लेकिन पाकिस्तान के ऐतराज के बाद ऐसा नहीं हो सका। हालांकि, यह अच्छा ही है कि हम इसके सदस्य या पर्यवेक्षक देश नहीं हैं। इस्लामी रियासत न होने के बावजूद अगर हमें सदस्यता मिलेगी, तो इस मंच से हमारे विरुद्ध होने वाली अनर्गल बयानबाजी भले बंद हो जाए, कई ऐसे अन्य मुद्दे हैं, जिसमें इस्लामी दुनिया के साथ खड़ा होना हमारे लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। कूटनीति के लिहाज से इस संगठन से दूरी ही हमारे हित में है। *(ये लेखक के अपने विचार हैं)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**भ**गवान भक्ति के विशेष अनुकूल रहते हैं। इसी से माया उसे अत्यंत डरती है। भक्ति को देखकर माया सकुचा जाती है। और अपनी प्रभुता कुछ भी नहीं कर सकती। ऐसा विचार कर ज्ञानवान पुरुष सब सुखों की खान भक्ति ही चाहते हैं। माया के प्रति मोह ही दुःख का कारण है। भक्त के हृदय में मोह नहीं होता है। संत गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने रामचरितमानस में जीव के संसार बंधन से छूटने के लिए ज्ञान के साधन की कठिनता और भक्ति की सुगमता का रूपक के द्वारा इस प्रकार वर्णन किया है।

जीव के हृदय में अज्ञान का अंधकार है। अंधकार को मिटाने के लिए ज्ञान रूपी प्रकाश की आवश्यकता है। प्रकाश के लिए दीपक बाती धृत आदि चाहिए। निर्मल पवित्र एवं सुंदर धृत स्वस्थ गौ के दूध से प्राप्त हो सकता है भगवान की कृपा से सात्विक श्रद्धा रूपी सुंदर को हृदय रूपी घर में आकर बताई जाए। अनेक व्रत यम और नियम आदि शुभ धर्म और शुद्ध आचरण रूपी हरी घास को जब वह गोचर और आर्थिक भाव रूपी छोटे बछड़े को पाकर वह पेन्हावे। सांसारिक विषयों और प्रपंच से हटकर रहने रूप नोई यानी गौ के दूहते समय पिछले पैर बांधने वाली रस्सी हो। विश्वास रूपी दूध दुहने का बर्तन हो, वह अपने वश में किया हुआ निष्पाप मन दुहने वाला, अहीर हो। इस प्रकार परम धर्ममय दूध दूहकर उसे निष्काम भाव रूप अग्नि पर भली-भांति ओटावे फिर क्षमा और संतोष रूपी हवा से उसे ठंडा करें और धैर्य तथा मन का निग्रह रूपी जामन देकर उसे जमावे।

**क्रमशः**

**जागरूक Selfie विद डॉटर**



सताक्षी डॉटर डॉ. टीना राय, पाली


## हमे लिखे

**आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।**

**jagrukjantanews@gmail.com**

सम्पर्क करें : **9829329070, 9928022718**

# झलक : बड़प्पन की दौड़



**तुषार पुरोहित**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**प**रवरदिगार ने भक्ति की जिंदगानी की बेशकीमती सौगात अफसोस मगर कदर न जानी इंसानी मिजाज ने मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे जा मांगी मुरादे सुख शांति के बाहर आकर लेकिन राह पकड़ी उसने गरूर और गुमान की बड़ा पनही तो अभिमान का आश्रय होता है मैं और प्रशंसा से बढ़िया उसका कोई पोषक आहार नहीं जब देखा कि उसके अपने तथा अन्य कोई झूठी प्रशंसा को भी तैयार नहीं तब वह अपनी तारीफ अपने मुंह करने लगता है यह आदमी प्रवचना नहीं तो और क्या है...

*बड़ों बड़ों बड़ाई ना करे बड़े ना बोले बोल।*
*रहिमन हीरा कब कहे लाख हमारा मोल।।*

बड़ा होने के लिए उसमें तकिया ईश्वर के नाम पर किंतु वरदान मिलने पर डगर चुनी उसने शैतान की कभी रावण कभी काम तो कभी हिरण्यकश्यप बनकर कल को ही अपनी सल्तनत समझ लिया विडंबना देखो कि उसने खुद को ही भगवान घोषित कर दिया लघुता में उसका विश्वास नहीं रहा उसकी दहशत गर्द सोचने कभी जाना ही नहीं की।

'लघुता से प्रभुता मिले प्रभु से प्रभु दूरी
चींटी लेकर चली हाथी के सिर दूरी'

वैसे बड़ा होना कोई बुरी बात नहीं। जनकल्याण में जुटे देवता को बड़ा ज्ञान उन्हें पूजा जाता है, लेकिन नरसंहार में लगे दानवों को, चांद, सूरज, ग्रह-नक्षत्र, जल, थल, वायु, अग्नि और आकाश अपनी अपनी मर्यादा में। अपनी अपनी कक्षा मे। सभी बड़े, किंतु इन से किसी को कोई तकलीफ नहीं। इनके बड़प्पन पर। किसी को कोई आपत्ति नहीं फिर किसने बना दिया इस दम्भी इंसान को बड़ा। बीमारू शरीर, बीमारू सोच, नफरत -द्वेष वैमनस्य, ईर्ष्या, कपट तथा सज्जन व शीलवन्तों के प्रति जहर उगलती जुबान। न कोई गुण, न विनय। न कला- न कौशल, न शौर्य, पराक्रम, न प्रीति देश-प्रेम, सभ्यता, संस्कार बड़े बाप की औलाद को जन्म से ही बड़ा मान लिया जाए। नहीं!

*बड़े न हूजे गुनन बिनु बिरद बढ़ाई माय।*
*कहत- धतूरे सो कनक, गहनों गढ़्यो न जाय।।*

बड़ा कौन? बड़ा रो हिमाल, जिसकी गरिमा बेमिसाल, बड़ा वह दरियाव, जिसकी कोई थाह नहीं। बड़ा वो दानवीर, जिसके अंदर न जाने कितने अंगों की गुजर, बड़ा वह फलदार वृक्ष, जिसकी गालियां राहगीर की खुशी के लिए झुकी रहती है। कबीर ने कहा था....

*बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।*
*पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर।।*

आदमी के बड़प्पन का पैमाना तो देखिए, मैं बड़ा होना चाहता हूं, धन-दौलत से, जमीन से, जागीर से, राजपाट और सत्ता की ताकत से। उसके मार्ग में विद्या और इल्म का कोई पढ़ा नहीं। बड़ा उज्जड़ यह बड़प्पन का आह्वान है, जहां रहमत नादान है, हाथ न पसारे मैं कभी, आगे किसी के। वाकई यह ख्याल कितना बेईमान है, अपने को बढ़ाना, आदमी अपनों से अलग पड़ जाता है। द्वारका के राजा कृष्ण गोपियों का कोई वास्ता नहीं। वे तो अपने वृंदावन के और है प्रेम की अग्नि में भरा बड़प्पन का क्या काम। बड़ा होने पर, आदमी मित्रता को भूल जाता है। उनको दीन-दीन कह कर अपमानित किया। उधर, कृष्ण सुदामा का सत्कार किया। कौन नहीं जानता! अब्दुल रहीम खान बहुत बड़े दानी हुए... तुलसीदास ने सवाल के रूप में उनके अभिनय की प्रशंसा की।

*जी भर जाचक वृन्द को दैत रहे दिन रेन।*
*दानी हो इतने बड़े, काहे है नीचे नैन।।*

सवाल के जवाब में जो रहीम ने लिखा, वह भी एक मिसाल बना।

देने वाला और है-देख रहे थे दिन रैन
लोग भरम हम पर एक आते नीचे नैन।।

छोटे-बड़े का भेद युगो से चला आया है, इसमें सामाजिक सौहार्द को नष्ट किया है। इसमें समरसता के मार्ग में कांटे बिछाए है। इसमें मुल्क में जातिवाद का जहर घोला है। भाई-भाई से लेकर देश-देश के बीच आग को भड़काया है। आलम यह है कि इसके चक्कर में कुटीचर साधु-संत भी बड़े-बड़े महल नुमा आश्रम बनाकर धन्य महसूस करने लगे। शौकत की खायत में मानवता की पीर को जिन विरले महापुरुषों ने समझा, यह झलक उनहें ही अर्पित, अस्तु!

**- तुषार,** निरपेक्ष!

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 30/03/2022**

**सूर्योदय :** 06:18 **सूर्यास्त :** 18:36 **चन्द्रोदय :** 05:20 **चन्द्रास्त :** 16:50 **शक सम्वत :** 1943 पलवा **अमान्ता महीना :** फाल्गुन **पूर्णिमांत :** चैत्र **सूर्य राशि :** मीन **चन्द्र राशि :** कुम्भ **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** त्रयोदशी, 13:22 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1943 प्लव **चन्द्रमास चैत्र :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु :** वसन्त **द्रिक अयन :** उत्तरायण **वैदिक अयन :** उत्तरायण।

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** शतभिषा, 10:41 तक
**योग :** शुभा, 12:55 तक
**प्रथम करण :** वणिजा, 13:22 तक
**द्वितिय करण :** विष्टि, 24:51 तक

## शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त : 04:41 ए एम से
प्रातः सन्ध्या : 05:04 ए एम से
अभिजित मुहूर्त : कोई नहीं
विजय मुहूर्त : 02:30 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त : 06:25 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या : 06:38 पी एम से
अमृत काल : 02:37 ए एम, मार्च 31 से

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
कुंभचक्र : कण्ठ
होमाहुति : केतु

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 0618 - 07:50 | उद्वेग : 18:46 - 20:10 |
| अमृत | : 07:50 - 09:22 | शुभ : 20:10 - 21:34 |
| काल काल वेला | : 09:22 - 10:54 | अमृत : 21:34 - 22:58 |
| शुभ | : 10:54 - 12:27 | चार : 22:58 - 24:22 |
| रोग वार वेला | : 12:27 - 01:59 | रोग : 24:22 - 25:45 |
| उद्वेग | : 01:59 - 03:31 | काल : 25:45 - 27:09 |
| चर | : 03:31 - 05:03 | लाभ : 27:09 - 28:33 |
| लाभ | : 05:03 - 06:36 | उद्वेग : 28:33 - 29:57 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज त्रयोदशी

### आज कौन सा कार्य करें

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

चैत्र, कृष्ण, त्रयोदशी, 2078 बुधवार, 31 मार्च - 5 अप्रैल, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। माँ जी से आपको सुख मिलेगा और उनसे धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में स्थितियां अच्छी रहेगी। आपके ट्रांसफर के योग बनेंगे।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
खर्चे अधिक रहेंगे, जिन पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव रह सकता है, जिससे बचना आवश्यक होगा। यदि किसी से प्रेम करते हैं तो आज उनसे मन की बात कह सकते हैं।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
परिवार से कोई दूर यात्रा पर जा सकता है। धार्मिक ि याकलापों में मन लगेगा। ऑफिस में मन कम लगेगा। काम से जी चुराने के योग बन रहे हैं, इसलिए थोड़ा ध्यान दें। पारिवारिक जीवन शांतिपूर्ण रहेगा।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
आवश्यक कार्यों पर ही खर्च होंगे लेकिन फिर भी आपकी जेब पर बोझ पड़ेगा। मन प्रसन्न रहने से कार्य में सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन के लिए दिन कमजोर है।पैसे के मामले में काफी लकी रहेंगे।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
लाभ होगा, मानसिक खुशी होगी। सुकून भरे पल बिताएंगे और जो लोग शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनका पढ़ाई में मन लगेगा। शादीशुदा हैं तो संतान को सुख मिलेगा जिससे आपको संतुष्टि प्राप्त होगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
निवेश किए गए धन से लाभ होगा। प्रेम जीवन में भी अंतरंग पलों में बढ़ोतरी होगी। शिक्षा में रुकावट का समय खत्म होगा। यदि आप शादीशुदा हैं तो संतान को सुख की प्राप्ति होगी।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्यक्षेत्र में काम पर ही फोकस करें अन्यथा स्थिति बिगड़ सकती है। पारिवारिक जीवन बढ़िया रहेगा और माता पिता का सुख मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहने की संभावना है।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
निजी जीवन के लिए दिन अनुकूल है। परिवार के साथ समय बिताएंगे। परिवार का सहयोग भी काम में मिलेगा और पेशेवर जीवन में भी अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। खर्च काफी अधिक रह सकते हैं।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों के लिए भी दिन बेहतर है। जिनकी शादी हो चुकी है, उनके दांपत्य जीवन में कुछ समस्याएं रह सकती हैं।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
किसी छोटी यात्रा पर जाने से मन भी प्रसन्न होगा और आपको कुछ नए सौदे मिलने की उम्मीद होगी, जिससे आपका व्यापार गति पकड़ेगा। इनकम में बढ़ोतरी होगी। खर्चों का बोझ भी आप पर रहेगा।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
जीवनसाथी का सहयोग मिलेगी। आपके काम में उम्मीदें जागेंगी। पारिवारिक जीवन में भी परिजनों का सहयोग आपको प्राप्त होगा। यात्राओं पर जाने के लिए समय अनुकूल नहीं है। झगड़े से बचना चाहिए।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्यर मों में हिस्सा लेंगे। कार्य क्षेत्र में स्थिति सामान्य रहेगी ।पारिवारिक जीवन का तनाव आप पर हावी हो सकता है, इससे बचने का प्रयास करें।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# राजस्थान में 'बेदाग छवि' के नेताओं को मिलेगी आप में एंट्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आम आदमी पार्टी ने पंजाब की जीत के बाद राजस्थान पर फोकस कर दिया है। मगर पार्टी ने साफ कर दिया है कि पार्टी में उन्हीं नेताओं को एंट्री मिलेगी, जिनकी छवि साफ है। यानि उन पर कोई भ्रष्टाचार के आरोप नहीं है। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के कई नेता उनके संपर्क में है। मगर पार्टी का एजेंडा साफ है कि वह स्वच्छ छवि वालों को ही पार्टी में शामिल करेगी। हालांकि पार्टी ने यह भी साफ कर दिया कि उनके पास फिलहाल राजस्थान से कोई बड़ा नाम नहीं आया है, लेकिन कई सरपंच, पूर्व सरपंच, प्रधान जैसे पद वाले लोग उनसे संपर्क साधे हुए हैं।

### नए चेहरों पर ही दांव खेलेगी पार्टी

पार्टी ने यह भी साफ कर दिया है कि पुराने की जगह नए चेहरों पर ही दांव खेला जाएगा। पंजाब और नई दिल्ली के विधानसभा चुनाव में पार्टी को इसका फायदा मिला है। नए चेहरों का ही असर था कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को एक मोबाइल रिपेयर का काम करने वाले ने हरा दिया।

### राजस्थान में फोकस, जल्दबाजी का निर्णय नहीं

पार्टी ने राजस्थान में फोकस करने का निर्णय करके कोई जल्दबाजी नहीं की है। राजस्थान में बहुत स्कॉप है। यहां एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा का मिथक तोड़ा जाएगा और शेष एक साल में पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का काम करेगी, ताकि 2023 में राजस्थान में आप की सरकार बनाई जा सके।

**रक्षा मंत्रालय ने दी मंजूरी**

# देशभर में खुलेंगे 21 नए सैनिक स्कूल

**मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत 21 राज्यों में पार्टनरशिप मोड में तैयार होंगे**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने 21 नए सैनिक स्कूल खोलने को मंजूरी दी। इनकी स्थापना हतह्, निजी स्कूलों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में होगी। ये स्कूल छठवीं क्लास से शुरू होंगे। देश भर में पार्टनरशिप मोड में सरकार ऐसे 79 और नए सैनिक स्कूल खोलेगी। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक, ये नए स्कूल मौजूदा सैनिक स्कूलों से अलग होंगे। इन 100 स्कूलों को खोलने के पीछे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य छात्रों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत क्वालिटी एजुकेशन और सेना में शामिल होने सहित करियर के बेहतर अवसर प्रदान करना है।

### प्राइवेट सेक्टर का भी योगदान

सरकार का मानना है कि इस कदम से आज के युवाओं को कल के जिम्मेदार नागरिक बनाने की तैयारी की जाएगी। साथ ही प्राइवेट सेक्टर्स को राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

### सैनिक स्कूल सोसाइटी के तहत काम करेंगे

ये नए सैनिक स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों के एफिलिएशन के अलावा, सैनिक स्कूल सोसाइटी के दायरे में रहकर काम करेंगे और सोसायटी की ओर से निर्धारित नियमों का पालना भी करेंगे।

### इन राज्यों में खोले जाएंगे स्कूल

ये 21 स्कूल आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दादर-नगर हवेली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में खोले जाएंगे।

# रक्तदान शिविर आयोजित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शिवसेना राजस्थान एवं कोटा के समाजसेवी संगठनों द्वारा संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर के मुख्य आयोजक सुरेश गोस्वामी प्रदेश अध्यक्ष शिवसेना राजस्थान युवा मोर्चा एवं दीपशिखा विजय प्रदेश अध्यक्ष शिवसेना राजस्थान महिला मोर्चा के तत्वधान में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिवसेना राजस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा (रींगस) ने कहा कि आप सब लोगों को आभार व्यक्त करता हूं कि रक्तदान महादान की श्रेणी में आता है। आपके द्वारा दिए रक्त से बहुत से लोगों की जान बच सकती है इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाएं।

## सोमसिंह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद राजस्थान की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मागरिया की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मीणा के द्वारा सोमसिंह मीणा को नर्सिंग प्रकोष्ठ का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान नियुक्त किया गया है। मीणा की नियुक्ति से अनुसूचित जाति जनजाति नर्सेज ने खुशी जताई। मीणा ने बताया की सामाजिक उत्थान में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी कार्य करूंगा।

# सरयू पाणी ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** महेश नगर रेलवे फाटक के पास, रूप नगर में सरयूपारीण ब्राह्मण समाज राजस्थान का होली स्नेह मिलान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रेम, हास्य एवं सद्भावना के रंगों से भरपूर था। बड़ी संख्या में सरयूपारीण ब्राह्मण परिवारों ने कार्यक्रम में हर्षो उल्लास के साथ भाग लिया। इस अवसर पर महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुई जो कि हमारे संगठन की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। गणपति पूजन, होली के लोकगीत, माता के भजन, परिचय, अल्पाहार के साथ यह समारोह इस आशा एवं विश्वास के साथ संपन्न हुआ कि आने वाले समय मे इसे और भी बेहतरीन करने का प्रयास किया जाएगा। अंत में आयोजक मंडल, कार्यकारिणी समिति एवं समस्त पदाधिकारियों सहित सुरेंद्र प्रसाद चौबे, महासचिव सरयूपारीण ब्राह्मण समाज राजस्थान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुंबई के लिए प्रदेश से चलेगी दो स्पेशल ट्रेन

**अजमेर और बाड़मेर से सप्ताह में एक बार चलेगी गाड़ी; जयपुर, जालौर, कोटा के लोगों को मिलेगी कनेक्टिविटी**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और लम्बी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए कई शहरों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। वहीं कई ट्रेनों में एक्स्ट्रा कोच लगाए जा रहे हैं। मुंबई, गुजरात के लिए बढ़ते पैसेंजर लोड को देखते हुए रेलवे ने अजमेर और बाड़मेर से मुंबई के लिए दो वीकली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। ये ट्रेन अप्रैल से जून के बीच चलेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे से जारी शेड्यूल के मुताबिक गाड़ी संख्या 09621 अजमेर से बान्द्रा टर्मिनस के लिए 3 अप्रैल से 26 जून तक हर रविवार को सुबह 6.35 बजे चलेगी। जो अगले दिन सुबह 4.15 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09622 बान्द्रा टर्मिनस से अजमेर के लिए 4 अप्रैल से 27 तक हर सोमवार सुबह 11.15 बजे चलेगी। जो अगले दिन सुबह 9.10 बजे अजमेर पहुंचेगी। ये ट्रेन किशनगढ़, जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मण्डी, भवानीमण्डी, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वापी स्टेशनों पर स्टॉपेज देते हुए मुंबई जाएगी।

इसी तरह गाड़ी संख्या 09038 बाड़मेर से बान्द्रा टर्मिनस के लिए 2 अप्रैल से 18 जून तक हर शनिवार रात 9 बजे चलेगी। अगले दिन दोपहर 3.45 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। रिर्टन में ये गाड़ी एक अप्रैल से 17 जून के बीच बान्द्रा टर्मिनस से बाड़मेर के लिए हर शुक्रवार रात 7.25 बजे रवाना होगी। अगले दिन दोपहर 1.45 बजे बाड़मेर पहुंचेगी। ये गाड़ी बायतु, बालोतरा, समदड़ी, मोकलसर, जालौर, मोदरान, मारवाड़-भीनवाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलड़ी जं., पाटन, महेसाना, अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, वापी स्टेशनों से होते हुए मुंबई पहुंचेगी।

# जागरूक खबरें

## मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर राजस्थान में संघर्ष करने का हौंसला दिया-पवन





**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर में आम आदमी पार्टी राजस्थान के नव नियुक्त प्रभारी द्वारिका दिल्ली से विधायक विनय मिश्रा ने बिड़ला सभागार में आप पार्टी के सम्मेलन को सम्बोधित किया। आदर्श नगर विधानसभा प्रत्याशी पवन गौड़ ने बताया कि मिश्रा एक शानदार वक्ता है उन्होंने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर राजस्थान में संघर्ष करने का हौंसला दिया है। अब लगता है राजस्थान में बदलाव आएगा। प्रदेश के 50 वार्ड पार्षद, 100 से ज़्यादा सरपंच 1 आइपीएस, अनेको डॉक्टर, हज़ारों की संख्या में लोगों ने आम आदमी पार्टी जोईन कर जयपुर में इतिहास रचा दिया। भाजपा - कांग्रेस के बाद एक दिन में इतनी संख्या में लोगों ने आम आदमी पार्टी ज्वाईन की हो यह अपने आप में इतिहास है।

## फिट पुलिस मैंन रोहित जांगिड का वुशू प्रतियोगिता में चयन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** क्षेत्र के प्रतिभाशाली राजस्थान पुलिस मे कार्यरत रोहित जांगिड का वुशू प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जांगिड का 28 से 31 मार्च तक जैसलमेर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। रोहित को प्रतिभाशाली अंडर 40 पहल में शामिल किया गया। आगामी राष्ट्रीय व एशियन चैंपियनशिप खेलों की तेयारी मे जी जान लगा कर मेहनत कर रहे है। रोहित जांगिड़ भारतीय वुशु टीम के खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया और अनेक पदक हासिल कर भारत को गौरवान्वित किया।

## मीडिया में करियर और नई शिक्षा नीति पर हुई चर्चा



**जयपुर @ जागरूक जनता।** लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ मीडिया के विविध आयामों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सरकार की नई शिक्षा नीति से जुड़े सवालों के भी जवाब दिए गए। मौका था लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में आयोजित एकदिवसीय सेमिनार का। इस दौरान पहले सत्र में "नई शिक्षा नीति की युवाओं के लिए उपादेयता" विषय पर मुख्य वक्ता जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के रिसर्च डीन प्रो. संजय कुमार शर्मा ने शिक्षा नीति की गुणवत्ता, उसके उद्देश्य एवं उपयोगिता के साथ ही शोध और उच्च शिक्षा में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। वहीं दूसरे सत्र में जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता विभाग के सहायक आचार्य सुनील कुमार शर्मा ने "मीडिया में करियर के अवसर" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शर्मा ने स्टूडेंट्स को करियर के साथ ही मीडिया उद्यमिता में भी अवसर तलाशने की बात कही। इस दौरान प्राचार्य डॉ. मुदित गुप्ता और कॉलेज की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट संयोजिका डॉ. शर्मिला पोखरना ने आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## गणगौर की पूजा कर मांगी पति की लंबी आयु, संस्कृति और परंपरा की दिखी झलक



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** मारवाड़ जोधपुर में सामाजिक संस्थाओं की ओर से गणगौर उत्सव व पूजा का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं ने भगवान शिव व पार्वती की पूजा की और अपने पति की लंबी आयु की कामना की। समाज सेविका शिक्षाविद यशोदा चौधरी और इंदिरा बिश्नोई के मार्गदर्शन में जोधपुर सारण नगर स्थित विश्नोई के निजी आवास पर गणगौर पूजन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही यशोदा चौधरी ने बताया कि गर्मी को देखता हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाने, परंपरा निभाओ संस्कृति बचाओ के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा जो पर्यावरण का शुभ संदेश देती हैं यह हमारी परंपराएं है व सदियों से हमारी संस्कृति और परंपरा समर्पित है प्रकृति के लिए इसके लिए पौधारोपण किया जायेगा। बच्चों को नशे से कैसे दूर रखे, महिला सशक्तिकरण के तहत विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान संध्या, कलावंती डारा, शारदा, रेखा लखारा,संजुलता वैष्णव, लीला,शोभा सोनी, सुनीता,सुमन, ज्योति प्रजापति सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

ANCHOR

**2 साल परीक्षा नहीं दे सके 11 लाख बच्चे इस बार 10वीं बोर्ड देंगे**

# बिना परीक्षा पास कर दिए गए 10% बच्चे रिजल्ट बिगाड़ेंगे

**बेसिक मिनिमम रिजल्ट देना भी बड़ी चुनौती**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** प्रदेश के 11 लाख स्टूडेंट्स की 10वीं बोर्ड परीक्षा 4 दिन बाद राज्य के करीब 6 हजार सेंटर पर शुरू होगी। 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस बार स्टूडेंट्स के साथ-साथ टीचर्स पर भी अच्छे रिजल्ट का प्रेशर है। शिक्षा विभाग के मुताबिक हर साल 9वीं कक्षा में करीब 7 प्रतिशत बच्चे फेल होते हैं और 3 फीसदी जैसे-तैसे पास होते हैं। मतलब, उनका पढ़ाई का स्तर कमजोर होता है।

लेकिन कोविड के कारण कमजोर स्टूडेंट्स को भी प्रमोट करके 10वीं में पहुंचा दिया गया। अब पढ़ाई में कमजोर छात्रों का स्तर बढ़ाकर उनको बोर्ड परीक्षाओं में पास करवाना भी शिक्षकों के सामने एक बड़ा चैलेंज रहेगा। क्योंकि पिछले दो साल से प्री-बोर्ड भी नहीं हुए हैं। पिछली बार 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए 12.55 लाख स्टूडेंट्स को फार्मूले के तहत पास किया गया था। नतीजा राज्य का 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 18.93% की बढ़ोतरी के साथ 99.56% दर्ज किया गया। बोर्ड के इतिहास में यह रिकॉर्ड रिजल्ट रहा। अब स्थितियां सामान्य हो चुकी हैं। इस बार बोर्ड परीक्षा का परिणाम फार्मूले के तहत नहीं बल्कि स्टूडेंट्स की एबिलिटी और क्षमता पर निर्धारित रहेगा। हालांकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बोर्ड ने इस बार सिलेबस में कटौती की है। परीक्षा पैटर्न में भी काफी बदलाव किया है। बच्चों को पढ़ने का ज्यादा समय भी दिया है। इसीलिए पहली बार 10वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रत्येक पेपर में 4 से 5 दिन का गैप दिया गया है।

> 10वीं बोर्ड परीक्षा में स्टूडेंट्स के बेहतर प्रदर्शन के लिए संस्था प्रधानों को ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल सहित प्रत्येक सब्जेक्ट के हल किए गए 3-3 मॉडल पेपर उपलब्ध कराए गए हैं।
> **- डॉ. राजकुमार शर्मा,** सीडीईओ, माध्यमिक

## स्टूडेंट्स-पेरेंट्स एग्जाम के समय क्या करें

*परीक्षा के समय तनाव होना स्वाभाविक है। इस बार 10वीं बोर्ड देने वाले बच्चों के लिए ये ज्यादा चैलेंजिंग है। कुछ बातों का ध्यान रखकर परीक्षा की बेहतर तैयारी की जा सकती है...*

**सही टाइम टेबल :** पढ़ाई का सबसे अच्छा तरीका है कि टाइम टेबल बनाएं और यह पहले ही तय कर लें कि आपको कब, क्या और कितना पढ़ना है। चाहे तो हर आधे या एक घंटे में 10 से 15 मिनट का ब्रेक लें। एक ही बार में ज्यादा से ज्यादा पढ़ने की कोशिश ना करें। पहले कठिन विषयों का अध्ययन कर लें उसके बाद आसान चीजें पढ़ें।

**कॉनसेप्ट को समझें :** पढ़ाई के दौरान हमेशा कॉन्सेप्ट को समझें न कि उसको रटे। आवश्यक है कि आप पहले विषय को समझें और फिर आगे बढ़ें। कई बार आप रटकर एग्जाम में जाते हैं और अगर प्रश्न-पत्र में सवाल थोड़ा अलग हो जाता है तो घबराहट होती है। ऐसे में आप विषय को समझकर एग्जाम में बैठेंगे तो हर तरह से जवाब देने के लिए तैयार होंगे।

**परेंट्स की भूमिका :** परीक्षा के दौरान माता-पिता की भूमिका सकारात्मक रहनी चाहिए। बच्चों का साथ दें। पढ़ाई में उनकी मदद करें। ज्यादा रोक-टोक नहीं करनी चाहिए। ध्यान रखें कि बच्चा परेशान न हो। पेरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि अगर उनका बच्चा तनाव में है तो उसे कम करने में मदद करें, आत्मविश्वास दिलाएं कि वह बेहतर परफॉर्म करेगा।

**भरपूर नींद लें :** अक्सर परीक्षा और पढ़ाई के दबाव के चलते बच्चे पर्याप्त नींद नहीं लेते। वे देर रात तक तो पढ़ाई करते ही हैं, सुबह भी पढ़ाई के लिए जल्दी उठ जाते हैं जिससे पर्याप्त नींद नहीं हो पाती। इससे दिमाग सुस्त और उसकी कार्यक्षमता कम हो जाती है। दिमाग तभी ठीक से काम करेगा, जब उसे पर्याप्त आराम मिलेगा।

**खानपान कैसा हो :** बच्चे पढ़ाई के दौरान खाने-पीने पर बिल्कुल ध्यान नहीं देते, लेकिन इस समय उन्हें पोषण की आवश्यकता अधिक होती है। बच्चों को हरी सब्जियां, ड्राई फ्रूट्स, जूस, दूध आदि लेना चाहिए और एक ही बार में ज्यादा खाने के बजाए थोड़ा-थोड़ा खाएं। ज्यादा मिर्च मसाले, तली चीजों व फास्ट फूड से दूर रहें।

**मेंटल फिटनेस :** मानसिक स्वास्थ्य के लिए शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए चाहे सुबह की सैर हो, योगा या फिर घर में ही कोई व्यायाम करना आवश्यक है। व्यायाम से दिमाग को ऑक्सीजन सही मात्रा में पहुंचती है। रक्तसंचार बेहतर होता है और दिमाग तेजी से काम करता है।

**एंटरटेनमेंट जरूरी :** सिर्फ पढ़ाई करते रहने से दिमाग बोझिल हो सकता है। उसे रीफ्रेश करने के लिए मनोरंजन भी बेहद जरूरी है। चाहे तो घर पर ही कुछ फनी करें या फिर कुछ देर दोस्तों के साथ जाकर खेलें। एग्जाम के समय पढ़ाई का प्रेशर ज्यादा होने से बच्चे तनाव में आ जाते हैं। एंटरटेनमेंट होने से मेंटल प्रेशर कम होता है।

**सुबह की पढ़ाई :** एक अच्छी नींद के बाद एकदम ताजगी और ऊर्जा से भरे होते हैं। सुबह के समय शांति का भी माहौल रहता है इसलिए कहते भी हैं कि जल्दी सोना, जल्दी उठना, आदमी को स्वस्थ, संपन्न और बुद्धिमान बनाता है। सुबह की हुई पढ़ाई लंबे समय तक यादाश्त में बनी रहती है। पूरी रात पढ़ाई से बचना चाहिए।

### सहूलियत: परीक्षा अवधि में बढ़ोतरी की, हर पेपर में 4 से 5 दिन का गैप दिया

आमतौर पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं की परीक्षा 12 दिन में कंप्लीट करवा देता है। इस बार 10वीं के 7 पेपर की परीक्षा 27 दिनों तक चलेगी। 31 मार्च से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाएं 26 अप्रैल को खत्म होंगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्टूडेंट्स को स्टडी का अधिक समय मिले इसलिए परीक्षा की अवधि को बढ़ाया गया है।

### समय कटौती: इस बार आधा घंटा कम मिलेगा, 2 घंटे 45 मिनट में करना होगा पेपर

सिलेबस में 30% कटौती की गई है। इसी के मुताबिक वार्षिक परीक्षा में प्रश्न पत्र हल करने के लिए आधे घंटे का समय काटा गया है। फिर भी 2 घंटे 45 मिनट का समय मिलेगा। पहले सवा तीन घंटे का समय दिया जाता था।

श्रीमद्भागवत कथा
ज्ञान यज्ञ

# नन्द घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल...धर्ममय हुआ माहौल

## 31 मार्च को पूर्णाहुति हवन, 1 अप्रैल को होगा भण्डारा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नांदौती।** कस्बा शहर में गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू हुई। श्रीमद्भागवत का आयोजन दीवान की हवेली के पास बड़ी मिश्राणी मैया के निज निवास पर आयोजित किया जा रहा है। कलश यात्रा की शुरूआत कस्बे के मुरलीधर जी मंदिर से धर्मध्वाजा के साथ हुई। कलश यात्रा का कस्बे में जगह-जगह गर्मजोशी और उल्लास से ग्रामवासियों द्वारा स्वागत किया गया। कलश यात्रा में श्रद्धालु डीजे की साउंड पर नाचते गाते चल रहे थे। यात्रा हीरामन मोहल्ला, बस स्टैंड, जोगी मोहल्ला, पूर्विया वास, सार्वजनिक चौक, गोपालगंज, मुख्य बाजार होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। इस दौरान भागवत कथा का कस्बे के विभिन्न मंदिरों में आरती उतारकर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। वहीं श्रीमद्भागवत कथा महापुराण को शिव दयाल मिश्रा और प्रधान कलश को उर्मिला मिश्रा अपने सिर पर रखकर चल रहे थे। स्व. श्री सूरजमल मिश्र, स्व. श्रीमी भौरीदेवी, स्व. श्री ब्रह्मानन्द मिश्र व स्व. श्री लक्ष्मीधर की स्मृति में माया देवी की प्रेरणा से कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित गिरधारी लाल पाराशर परिता वाले के सानिध्य में दर्जनों पंडितों





ने भागवत कथा का पूजन करवाया। पूजन में परीक्षित आसन पर शिवदयाल मिश्रा, उर्मिला देवी मिश्रा विराजमान है। यात्रा के दौरान माया देवी, प्रेम प्रकाश, अनिल मिश्रा, ज्ञानेन्द्र, मनीष, चेतेंद्र, श्यामलाल, मुन्ना, त्रिलोक, विजय, समाजसेवी बुध सिंह, भामाशाह रामेश्वर दीवान, खेमराज पटेल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बाबूलाल गोयल, जगदीप सिंह, मोहन सिंह, भंवर सिंह किलेदार आदि पंच पटेल उपस्थित थे। कलश यात्रा के दौरान कथावाचक महाराज पाराशर जी का पंच पटेलों द्वारा साफा माला पहनाकर जगह-जगह स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान धर्म ध्वजा को अनिल मिश्रा ने फहराया। वहीं यात्रा के दौरान शालिग्राम भगवान भी नगर परिक्रमा में मौजूद रहे। व्यास पीठ से कथावाचक पं. गिरधारी लाल पाराशर ने पहले दिन कथा का श्रवण और महत्व दोनों समझाया। कथा के दौरान भगवान के 24 अवतारों की कथा और राजा परीक्षित के जीवन का वृत्तांत सुनाया। अन्य दिनों में कथा के दौरान वामन अवतार कृष्ण अवतार भगवान राम अवतार, नन्दोत्सव सहित अन्य प्रसंगों की कथा सुनाई। नंदोत्सव के दौरान नन्दबाबा और यशोदा जी की विशेष झांकी सजाई गई। कथा के दौरान भजनों के माध्यम से महिलाओं ने नृत्य किया। कथा के दौरान जयकारों से माहौल धर्म में जैसा हो गया।
























डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

**जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय में 'एग्री एक्सपो-2022' का उद्घाटन**

# हमने किसान कल्याण की दिशा में कई कदम उठाए-मुख्यमंत्री

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया है। राजस्थान देश का पहला राज्य है जिसने कृषि का अलग बजट पेश करने की घोषणा की थी। इस साल हमने अलग कृषि बजट पेश करते हुए इस क्षेत्र के लिए करीब 79 हजार करोड़ रूपये की धनराशि का प्रावधान किया है। आने वाले समय में हमारे किसान भाई कैसे खुशहाल बनें और उन्हें अपने उत्पादों की उचित कीमत कैसे मिले इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

गहलोत श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में तीन दिवसीय हाईटेक एग्री एक्सपो-2022 (कृषि मेला) के उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने सिर्फ किसानों के हित की बात नहीं की बल्कि इस दिशा में कदम उठाए हैं। पिछले तीन साल में लिए गए हमारे फैसले दर्शाते हैं कि किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार समर्पित भाव से प्रयास कर रही है। गहलोत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, समाज, संगठन अथवा संस्थान हो, उसकी साख कायम रहना बहुत जरूरी है। जोबनेर कृषि महाविद्यालय ने भी अपनी एक साख कायम की थी। इसी साख को देखते हुए जोबनेर से आए किसानों की मांग पर हमारी सरकार ने वर्ष 2013 में इसे राव साहब श्री कर्ण नरेन्द्र के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय बनाने का फैसला किया। इसके साथ ही उसी वर्ष कोटा और जोधपुर में भी कृषि विश्वविद्यालय खोले गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों का यह प्रयास होना चाहिए कि उनके वहां हो रहे शोध कार्यों का लाभ किसान के खेतों तक कैसे पहुंचे। उन्होंने कहा कि खेत-खलिहान के साथ ही घर की छतों पर पानी की एक-एक बूंद कैसे बचाई जाए यह सभी को सोचना होगा। उन्होंने श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय को फव्वारा सिंचाई एवं बूंद-बूंद सिंचाई के लाभ किसानों को समझाने की दिशा में कार्य करने को कहा। साथ ही, उम्मीद जताई कि तीन दिवसीय कृषि मेले का लाभ किसानों को मिलेगा।




### जोबनेर में बायपास बनाने की घोषणा

गहलोत ने जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के बीच में से निकल रही सड़क के कारण हो रही परेशानियों को देखते हुए वहां बायपास बनवाने की घोषणा की। 5 से 7 कि.मी. लम्बे इस बायपास पर करीब 46 करोड़ रूपये का खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि विधायकों एवं जन प्रतिनिधियों की मांगों को पूरा करने में हमारी सरकार ने पिछले 3 साल में कोई कमी नहीं रखी है। वर्ष 2022-23 के बजट में हर वर्ग के लिए प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसमें 10 लाख रूपये तक के निःशुल्क इलाज का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़े 1 करोड़ 33 लाख परिवारों की महिला मुखिया को राज्य सरकार द्वारा स्मार्ट फोन दिए जाएंगे ताकि वे सरकारी योजनाओं का घर बैठे लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए अलग से कॉ-ओपरेटिव बैंक स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचा मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने किसानों को 20 हजार करोड़ के कृषि ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को एक हजार रूपये प्रति माह बिजली बिलों में सब्सिडी दी जा रही है। इससे करीब साढ़े पांच लाख किसानों का बिजली बिल शून्य हो गया है। कार्यक्रम में कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोबनेर को उपखण्ड कार्यालय, पंचायत समिति, ट्रोमा सेन्टर सहित कई सौगातें दी है।

# हाउस और यूडीटैक्स छूट की अवधि बढ़ाई

**30 जून तक मिलेगी ब्याज-पेनल्टी में सब्सिडी, 2011-12 से पहले के बकायादारों को मूल राशि देनी होगी आधी**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में नगरीय निकाय क्षेत्र में बने मकान-दुकान या अन्य सम्पत्तियां जो यूडीटैक्स के दायरे में आ रही है, उनको ब्याज-पेनल्टी में छूट का फायदा 30 जून तक मिलेगा। स्वायत्त शासन विभाग ने आज एक आदेश जारी करते हुए इस छूट की अवधि को अगले 3 महीने और बढ़ाने का फैसला किया है। इस आदेशों के मुताबिक जिस भी सम्पत्ति का यूडीटैक्स बकाया है और वे एकमुश्त जमा करवाते है तो उन्हें ब्याज-पेनल्टी में 100 फीसदी की छूट मिलेगी। इसी तरह अगर किसी सम्पत्ति का टैक्स 2011-12 से पहले का बकाया है तो उसे इस वित्त वर्ष से पहले के बकाया मूल राशि पर 50 फीसदी की भी छूट मिलेगी। वहीं जिन सम्पत्तियों का पुराना हाउस टैक्स बकाया चल रहा है उन्हें भी हाउस टैक्स जमा करवाने पर ब्याज-पेनल्टी में 100 फीसदी, जबकि मूल राशि में 50 फीसदी की छूट मिलेगी।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

**टोल टैक्स में 5 रुपए से लेकर 40 रुपए तक होगी बढ़ोत्तरी**

# एक अप्रैल से गाड़ी चलाना महंगा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पेट्रोल-डीजल की महंगाई से जूझ रहे वाहन चालकों को 1 अप्रैल से महंगाई का और झटका लगेगा। जयपुर शहर से दूसरे शहरों में जाने वाले हाइवे पर टोल रेटों में बढ़ोतरी होने वाली है। ये बढ़ोतरी 5 रुपए से लेकर 40 रुपए तक होगी। जयपुर से टोंक और सीकर जाने वाले राजमार्ग के अलावा आगरा से अजमेर रोड को जोड़ने वाली रिंग रोड पर भी वाहन चालकों को एक अप्रैल से ज्यादा टोल टैक्स देकर गुजरना होगा। टोल कंपनियों से मिली रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर-टोंक बाइपास पर शिवदासपुरा के पास चंदलाई में टोल की रेट मौजूदा समय में कार-जीप चालकों के लिए 100 रुपए है, जो बढ़कर एक अप्रैल से 110 रुपए हो जाएगी। वहीं एक दिन में आने-जाने का टोल अभी 155 रुपए देना पड़ता है, जो एक अप्रैल से बढ़कर 170 रुपए हो जाएगा। इसी तरह बस, सामान्य ट्रक का टोल 335 से बढ़कर 365 रुपए वसूला जाएगा। इसी तरह जयपुर-सीकर रोड पर टाटियावास पर भी टोल की रेट एक अप्रैल से बढ़ जाएगी। यहां अभी कार-जीप चालकों को 65 रुपए और दोनों तरफा (एक ही दिन में आने-जाने के लिए) 95 रुपए टोल देना पड़ता है। लेकिन अब ये बढ़कर क्रमश~ 70 और 105 रुपए हो जाएगा। इसी तरह यहां बस-ट्रक के लिए 215 रुपए का टोल लिया जाता है, जो बढ़कर अब 240 रुपए हो जाएगा। वहीं भारी वाहनों के लिए यहां टोल 415 रुपए की जगह 455 रुपए वसूला जाएगा।


इसी तरह रिंग रोड पर हिंगोनिया और सीतारामपुरा में लगने वाला टोल टैक्स भी एक अप्रैल से बढ़ जाएगा। टोंक रोड से अजमेर रोड के बीच आने वाले टोल बूथ पर अभी कार-जीप का टोल टैक्स 50 रुपए, जबकि बस ट्रक का टोल टैक्स 175 रुपए लगता है, जिसमें बढ़ोतरी की जाएगी। इसी तरह आगरा रोड से टोंक रोड तक आने

Arvind
Raymond
FABRIC FOR SHIRTS
TROUSERS, SUITS, JACKETS
KURTA & PAYJAMA
DESIGN & CUSTOM
TAILORING
ALSO AVAILABLE
G-16-17, Vrindavan Complex
Central Spine
Vidhyadhar Nagar, Jaipur
Mo. : 9828084878
Ph. : 0141-2339890



HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
»मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
»सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
»असाध्य घाव/शुगर के घाव
»कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
»अचानक बहरापन (Hearing Loss)
»डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

Jio
ये है इंडिया का अधिकार
JioPhone Next
CREATED WITH Google
₹1,999* पर
आसान ईएमआई के साथ, मंथली रिचार्ज प्लान सहित
₹6,499 की अग्रिम कीमत पर भी उपलब्ध.
अभी अनुवाद करें
जो बोल कर पढ़े
कम रोशनी में फोटोग्राफी
आवाज़ से चलाएं
होम डिलीवरी के लिए: jio.com/next
*नियम व शर्तें लागू



यहाँ उपलब्ध : Reliance digital PERSONALISING TECHNOLOGY | reliancedigital.in | MY JIO STORE Jio DIGITAL LIFE | JioMart digital | JioMart.com
सभी अग्रणी मोबाइल फोन रिटेल आउटलेट्स पर भी उपलब्ध.

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### छात्रों के लिए स्पलैश पूल पार्टी आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गर्मी को मात देने के लिए, संस्कृति चिल्ड्रन एकेडमी, मुरलीपुरा, जयपुर के किंडरगार्टन के छात्रों के लिए एक स्पलैश पूल पार्टी का आयोजन किया गया था। पूल पार्टी के लिए टिनी टोट्स को रंगीन तैराकी पोशाक, टोपी और फ्लिप फ्लॉप पहनाया गया था। पूल साइड को रंगीन गेंदों, खिलौनों से सजाया गया था और बच्चों ने जमकर मस्ती की और बारिश के गीतों पर अपने पैर जमाए। बच्चों ने कोल्ड ड्रिंक पार्टी भी की। प्रबंध निदेशक आयुष शर्मा ने पार्टी के आयोजन में शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

### जनता पर नहीं डाले आर्थिक भार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा (रींगस) ने कहा कि सूबे के खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास केंद्र सरकार के खिलाफ महंगाई के लिए रैली निकालते हैं और जयपुर शहर में ग्रेटर नगर निगम की ओर से कचरा उठाने के लिए आम जनता से पैसे वसूले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री महंगाई के लिए केंद्र पर आरोप लगाते हैं, लेकिन राज्य सरकार आम जनता का आर्थिक शोषण कर रही है। यह किसी को नजर नहीं आ रहा। शर्मा ने कहा कि हम राज्य सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह जनता पर आर्थिक भार नहीं डाले।

### योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें - जयपुर जिला कलक्टर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला कलक्टर राजन विशाल ने जिले के राजस्व अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन करें। विशाल ने योजनाओं की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करने के लिए कहा है। जयपुर जिला कलक्टर विशाल ने जिला कलक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन संबल को तीव्र गति प्रदान करें। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में पात्र लोगों से दस्तावेज प्राप्त कर ई-मित्र केन्द्रों पर आवेदन ऑनलाइन करवाकर पीपीओ जारी करवाये। विशाल ने 'चुप्पी तोड़ों सयानी बनो' कार्यक्रम पर भी मिल जुलकर कार्य करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि ऑपरेशन संबल और 'चुप्पी तोड़ो सयानी बनो' के संदर्भ में जन प्रतिनिधिगण को उनकी तरफ से अर्द्धशासकीय पत्र भेजे जा रहे है, जिन्हें राजस्व अधिकारी सम्मान पूर्वक प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे ताकि यह अभियान अधिक सक्रियता से चल सकें। बैठक में जिला कलक्टर ने राजस्व शाखा से संबंधित लम्बित प्रकरणों, राजकीय विभागों को भूमि आवंटन, आवासीय प्रयोजनार्थ लम्बित प्रकरणो की स्थिति, वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ संपरिवर्तन प्रकरण, औद्योगिक प्रयोजनार्थ भूमि संपरिवर्तन के लम्बित प्रकरणों, बकाया विस प्रश्नों की स्थिति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों के विरूद्ध लम्बित प्रकरणों, लम्बित पेंशन प्रकरणों, प्राथमिक जांच, विभागीय जांच, प्रशासनिक जांच के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की।

#### सचिवालय में प्रदीप को पहली बार देख दिल दे बैठी IAS टीना

# IAS टीना की दूसरी शादी 22 अप्रैल को

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** साल 2015 की यूपीएससी टॉपर टीना डाबी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। लेकिन आईएएस टीना डाबी ने आईएएस प्रदीप गवांडे संग अपनी लव स्टोरी को लंबे समय तक सीक्रेट ही रखा था। बहुत कम लोग जानते हैं कि प्रदीप गवांडे संग टीना डाबी की लव स्टोरी की दास्तां लंच से शुरू हुई थी। दरअसल, टीना डाबी ने पहली बार प्रदीप गवांडे को शासन सचिवालय में एक विभागीय मीटिंग में देखा था। पहली ही मुलाकात में टीना डाबी प्रदीप गवांडे से काफी प्रभावित हुई। घूसखोरी के मामले में नाम आने पर राज्य सरकार ने प्रदीप गवांडे का तबादला पुरातत्व एवं संग्रहालय के निदेशक के पद कर दिया था। जयपुर में अल्बर्ट हाल के पीछे पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशक का कार्यालय है। यहां पर टीना डाबी और प्रदीप गवांडे रोजाना एक साथ लंच किया करते थे। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया।



#### सचिवालय से पनपा प्यार

टीना डाबी सचिवालय स्थित वित्त विभाग मे संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत है। गहलोत, सरकार ने साल नवंबर 2020 में आईएएस टीना डाबी का तबादला सचिवालय मे वित्त (कर) कर विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कर दिया था। सचिवालय आने से पहले टीना डाबी की श्रीगंगानगर जिला परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर पोस्टिंग थी।

#### टीना डाबी के मंगेतर 13 साल बड़े है

टीना डाबी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती है। टीना डाबी ने 28 मार्च को देर रात अपने मंगेतर के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर सब को चौंका दिया। दोनों की लव स्टोरी किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं है। दोनो के ही घरवाले शादी के खिलाफ नहीं थे। टीना डाबी के माता-पिता ने शादी के लिए स्वीकृति दे दी। दोनों राजधानी जयपुर के एक निजी होटल में 22 अप्रैल को शादी करेंगे। टीना डाबी ने प्रदीप गवांडे के साथ इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इन फोटो के कैप्शन लिखा है वो मुस्कान पहन रही हूं, जो तुम दे रहे हो। दोनों ने लाल रंग के कपड़े पहन रखे है, और हाथ में हाथ लिए मुस्करा रहे हैं। प्रदीप गवांडे टीना डाबी से उम्र में करीब 13 साल बड़े है।

#### 28 साल की उम्र में दूसरी शादी

अखिल भारतीय सेवा टॉप करने वाली आईएएस टीना डाबी ने उसी साल के सेकेंड टॉपर रहे अतहर आमिर के साथ शादी की थी। ट्रेनिंग के दौरान ही टीना डाबी अतहर आमिर को दिल दे बैठी थी। दोनों ने वर्ष 2018 में शादी कर ली थी। टीना डाबी की शादी उस वक्त भी काफी चर्चा में रही थी। हालांकि, दोनों की शादी ज्यादा नहीं चली। किसी वजह से दोनों ने आपसी सहमति से 2021 में तलाक ले लिया। यूपीएससी टॉपर 2016 बैच की राजस्थान कैडर की आईएएस अधिकारी टीना डाबी 2013 बैच के राजस्थान कैडर के ही आईएएस प्रदीप गवांडे से 22 अप्रैल को शादी करने जा रही है। 28 साल की उम्र में टीना डाबी दूसरी शादी करने जा रही है।

#### 31 मार्च तक करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

# 1 अप्रैल से जन आधार कार्ड जरूरी

### राशन कार्ड से लिंक कराने पर मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चौमूं।** 1अप्रैल से सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए अब जन आधार कार्ड जरूरी होगा। जिनके पास जन आधार कार्ड नहीं होगा वे लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएंगे। जन आधार कार्ड से जुड़ने से एक क्लिक पर पूरे परिवार की जानकारी मिल सकेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने लाभार्थियों को पारदर्शी तरीके से लाभ देने के साथ ही एक नंबर, एक कार्ड, एक पहचान के लिए जन आधार कार्ड को अनिवार्य किया है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम, पालनहार, कन्यादान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के समस्त लाभ, प्रसूति सहायता योजना, कौशल विकास सहित अन्य योजनाओं के लाभ जन आधार कार्ड से जुड़ने पर ही मिलेंगे।

जयपुर जिले के चौमूं उपखंड में जनआधार कार्ड का राशन कार्ड से सत्यापन का काम पूरा होने वाला है। जो भी लाभार्थी अपने राशन कार्ड और अन्य दस्तावेजों को जन आधार से नहीं जुड़वा सके हैं वे 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं। इसके बाद 1अप्रैल से जन आधार कार्ड के माध्यम से ही सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

उपखंड ब्लॉक में 2 हजार 585 और चौमूं शहर में 192 ऐसे सदस्य हैं जिनके नाम राशन कार्ड में तो हैं लेकिन जनआधार कार्ड में नहीं है। जिनके सत्यापन और नामांकन का काम अन्तिम चरण में चल रहा है। ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि अब जन आधार ही सरकारी सुविधा पाने का नया आधार बन गया है। जिन लोगों का नाम राशनकार्ड में तो है लेकिन जन आधार कार्ड में नहीं है वे अपने नजदीकी ई-मित्र पर जाकर या स्वंय की एसएसओ आईडी के माध्यम से जन आधार में नामांकन करवा सकते हैं।

## एनआईए जयपुर क्रिया शारीर विभाग मे हुआ दो दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के स्नातकोत्तर क्रिया शारीर विभाग एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्या पीठ नई दिल्ली के सौजन्य से दो दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ सी.आर. यादव ने बताया कि शुभारंभ कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, डा बी.एस प्रसाद, प्रेसिडेंट बोर्ड ऑफ आयुर्वेद, एनसीआईएसएम, संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो महेश शर्मा, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ नई दिल्ली के जी.बी सदस्य डा के. के. अग्रवाल, कुलसचिव प्रो. राम मूर्ति, कायचिकित्सा विभागाध्यक्ष राम किशोर जोशी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुनील कुमार यादव, डा राकेश सिंह एवम विभाग के संकाय सदस्य डॉ महेंद्र प्रसाद, डा सारिका यादव, डा भानु प्रताप सिंह, डॉ रश्मि, सभी प्रतिभागी एवं रिसोर्स पर्सन डा किशोर पटवर्धन, और डा कल्पना साठे, विभाग के सभी अध्येता उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्रिया शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष डा सी आर यादव द्वारा एवम् डा दुर्गेश नंदिनी, डा हार्दिक चूड़ासमा एवं डा अंकिता द्वारा लिखित 3 पुस्तको का भी विमोचन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम मे मुख्य वक्ताओं ने वर्तमान समय मे आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे उपस्थित देशभर से प्रतिभागियों ने संस्थान कुलपति प्रो.संजीव शर्मा व विभागाध्यक्ष डॉ सी.आर.यादव का आभार प्रकट किया।

## प्रेग्नेंट महिला की मौत के बाद डॉक्टर का सुसाइड

### डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था, हत्या का मामला दर्ज होने से डिप्रेशन में थी डॉक्टर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**दौसा।** डिलीवरी के दौरान महिला की मौत के बाद प्राइवेट हॉस्पिटल की डॉक्टर ने सुसाइड कर लिया। महिला की मौत पर परिजन हंगामा कर रहे थे। डॉक्टर के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज कराया था। डॉक्टर डिप्रेशन में आ गई थी। मंगलवार सुबह 11 बजे महिला डॉक्टर ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मामला दौसा जिले के लालसोट का है।

डॉ. अर्चना शर्मा (42) और उनके पति डॉ. सुनीत उपाध्याय (45) का लालसोट में ही आनंद हॉस्पिटल है। लालसोट के खेमावास निवासी लालूराम बैरवा अपनी पत्नी आशा देवी (22) को डिलीवरी के लिए सोमवार सुबह हॉस्पिटल लेकर आया था। दोपहर में डिलीवरी के दौरान आशा की मौत हो गई। घरवालों ने मुआवजे की मांग को लेकर देर रात ढाई बजे तक हॉस्पिटल के बाहर प्रदर्शन किया। गुस्साए घरवालों ने लालसोट थाने में रिपोर्ट दी थी। डॉ. अर्चना शर्मा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। डॉ. अर्चना डिप्रेशन में आ गई थीं।

#### 8 साल से हॉस्पिटल चला रहे डॉक्टर दंपती

डॉ. अर्चना शर्मा गाइनी थीं और पति डॉ. सुनीत उपाध्याय न्यूरो साइंर्टिस्ट है। 8 साल से डॉक्टर दंपती हॉस्पिटल चला रहे हैं। हॉस्पिटल के डॉक्टर्स का कहना था कि ज्यादा ब्लड बहने से आशा की मौत हो गई थी। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे थे। महिला डॉक्टर के परिजन वंदना शर्मा ने बताया कि वह सुबह करीब 11 बजे तीसरी मंजिल पर स्थित डॉक्टर डॉ. अर्चना शर्मा के पास गई तो कमरे का दरवाजा बंद था। गेट खटखटाया व आवाज लगाई, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। अर्चना के पति को बताया। वे कमरे तक पहुंचे और गेट खोलने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुला तो धक्का मारकर उसे खोला गया। कमरे में डॉक्टर अर्चना फंदे पर लटक रही थीं।

#### मौत के कारणों की जांच कर रहे हैं

लालसोट थाना प्रभारी अंकेश चौधरी ने बताया कि डॉ. अर्चना शर्मा ने सुसाइड कर लिया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसके कमरे की तलाशी ली जाएगी। घरवालों की ओर से अभी पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। मौत के कारणों की जांच कर रहे हैं।

#### संपोषणीय विकास और गुणवत्तापूर्ण जीवन: महामारी पश्चात समाज की आवश्यकता"

# संपोषणीय विकास का मतलब न्यायपूर्ण समाज की स्थापना से है-प्रो.के .एल.शर्मा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** समाजशास्त्र विभाग,राजस्थान विश्वविघालय द्वारा यू.जी.सी., सेप डी. आर. एस-777 के अंतर्गत संपोषणीय विकास और गुणवत्तापूर्ण जीवन महामारी पश्चात समाज की आवश्यकता विषय पर 29-30 मार्च को राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी के प्रथम दिन 29 मार्च को उद्घघाटन सत्र में प्रो.रश्मि जैन विभागाध्यक्ष ,द्वारा स्वागत उध्बोधन दिया गया है।जिसमे उन्होंने समाजशास्त्र विभाग की गौरवशाली परम्परा का उल्लेख करते हुए बताया की विभाग अपने हीरक जयंती वर्ष में यह राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित कर रहा है। महामारी पश्चात समाज जीवन पद्धति के प्रतिमानों को पुनः समाज की आवश्यकता अनुरुप संरचित करने की आवश्यकता है। आयोजक प्रो.एस.एल.शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि गुणवत्तापूर्ण जीवन पर विमर्श इस महामारी के बाद बाद अधिक आवश्यक हो गया। इस तरह के विमर्श से समाज को नई दिशा मिलेगी। मुख्य वक्ता प्रो.के .एल.शर्मा,अध्यक्ष विकास अध्यक्ष संस्थान द्वारा अपने उध्बोधन में बताया कि संपोषणीय विकास का मतलब केवल आर्थिक विकास से नही है अपितु न्यायपूर्ण समाज की स्थापना से है लेकिन न्याय की स्थापना प्राकर्तिक व स्वतः होनी चाहिए उसका आधार दवाब और भय नही हो सकता। विशिष्ट अतिथि प्रो.मनीष कुमार वर्मा, सचिव, भारतीय समाजशास्त्रीय परिषद ने अपने उद्बोधन में बताया कि महामारी पश्चात चुनोतियाँ तो बड़ी उत्तपन्न हुई है लेकिन सतत विकास लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए हमे सामाजिक उत्थान का प्रयास करना चाहिए। उद्घघाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो राजीव जैन, कुलपति राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा की गई। उद्घघाटन सत्र के बाद अनेक विषय जैसे - संपोषणीय जीवन और रोजगार कोविड 19 के संदर्भ में प्रवसन बाद उत्पन्न सामाजिक आर्थिक संकट, सामाजिक पारिस्थितिकी का समाजशास्त्रीय परिपेक्ष्य, हिमालय के ऊपरी हिस्सो की पारिस्थिकी में रहने वाले समुदायों के सामने आने वाली चुनोतियाँ आदि विषयों पर अनेक सत्र आयोजित किये गए।जिनमे प्रो इंद्रा रामाराव,प्रो.राजीव गुप्ता, प्रो. डी आर साहू, प्रो.सुरेश बाबू जी. एस.,जे एन यू नई दिल्ली,प्रो. सुषमा सूद,प्रो.नैना शर्मा,प्रो. सुशीला जैन,डॉ अरुणा भार्गव आदि समाजशास्त्रीयो ने विभिन्न सत्रों में अपने उध्बोधन से लाभन्वित किया।

ANCHOR | महिला सम्मान

# नारी के सम्मान से ही मिलती हैं कुल को मान-प्रतिष्ठा- महापौर देवड़ा

### उल्लेखनीय कार्य करने वाली 170 महिलाओ का हुआ सम्मान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** पश्चिम राजस्थान की समाज सेवा में अग्रणी संस्थान बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान, जोधपुर की महिला प्रकोष्ठ की ओर से विभिन्न क्षेत्रो मे उल्लेखनीय सेवा कार्य करने वाली 170 महिलाओ की सेवा का सम्मान कार्यक्रम स्टील भवन शास्त्री सर्किल में आयोजित किया गया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शोभना गोयल ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया और बताया कि इसमें समाज सेवा, चिकित्सा, शिक्षा, रक्तदान शिविर, खेलकूद, वन्य जीव, व पर्यावरण संरक्षण, भजन गायन, साहित्य, कला, लेखन, संस्कृति, बालिका उत्थान गौसेवा, सामूहिक विवाह, नशा मुक्ति, आदि क्षेत्रो मे उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाए सम्मलित हुई। इसमें रक्त वीर मानव सेवा संस्थान जोधपुर महिला विंग की अध्यक्ष यशोदा चौधरी, सरोज माली अध्यक्ष, सावित्री बाई फुले युवा महिला मंडल पीपाड़ शहर, आर्टिस्ट अनुराधा अरोड़ा, रेणुका सोलंकी, सुमन कच्छावाह, वैशाली गहलोत, गायक नीलम सिंह ,सोनाली गोयल, कैलाश कंवर, सिद्धि जौहरी, सहित कई महिला समाज सेविका को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोधपुर उत्तर महापौर कुंती देवड़ा परिहार ने कहा कि नारी के सम्मान से ही मिलती हैं कुल को मान-प्रतिष्ठा हर दिन नारी का सम्मान होना चाहिए, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् अनीता मेहता, गुर्जर महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बबीता सिंह गुर्जर, समाज सेविका नीलम भूतड़ा सभी अतिथियों ने महिलाओं के द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन खिवराज जांगिड़ ने किया। तत्पश्चात बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह राठौड़ ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्य और विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी बताते हुए सभी अतिथियों और सम्मानित महिलाओं बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जो दिखेगा वही बिकेगा

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

आज ही बुक करें विज्ञापन



आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्प्ले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें: 9928022718 9829329070

बन रहे ब्रह्म, इंद्र, सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग

# चैत्र अमावस्या 1 को, पितृ और कालसर्प दोष मुक्ति हेतु उत्तम

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सनातन धर्म में पूर्णिमा और अमावस्या तिथि का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व होता है। अमावस्या के दिन पितृ दोष से मुक्ति के लिए उपाय किए जाते हैं। ज्योतिषों के मुताबिक जिन लोगों को पितृ दोष होता है, उनकी तरक्की नहीं होती है और उनको संतान सुख भी प्राप्त नहीं होता है। यही कारण है कि जिन पर यह दोष होता है उन्हें तुरंत इसका निवारण कर लेना चाहिए। पितृ दोष तब लगता है, जब आप पितरों को नाराज कर देते हैं और वे आपको श्राप देते हैं। इससे मुक्ति के लिए चैत्र अमावस्या आने वाली है। हर माह के कृष्ण पक्ष की 15वीं तिथि को अमावस्या होती है। इस समय चैत्र माह का कृष्ण पक्ष चल रहा है। उदयातिथि के आधार पर चैत्र अमावस्या तिथि 1 अप्रेल को है। चैत्र अमावस्यापंचांग के अनुसार, चैत्र कृष्ण अमावस्या 31 मार्च को दोपहर 12 बजकर 22 मिनट से प्रारंभ हो रही है। यह अगले दिन 1 अप्रेल को दिन में 11 बजकर 53 मिनट तक है। यानी उदयातिथि के आधार पर चैत्र अमावस्या तिथि 1 अप्रेल को है। इस दिन सुबह 09 बजकर 37 मिनट तक ब्रह्म योग है और उसके बाद से इंद्र योग प्रारंभ होगा। उत्तर भाद्रपद नक्षत्र सुबह 10 बजकर 40 मिनट तक है, उसके बाद रेवती नक्षत्र लगेगा। रेवती नक्षत्र के साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग भी लग जाएगा, जो पूरे दिन रहेगा। पितृ दोष से मुक्ति के लिए करें ये उपायचैत्र अमावस्या के दिन सुबह नदी में स्नान के बाद दान करना चाहिए। जिन लोगों के आसपास नदी नहीं है, उन्हें घर पर ही स्नान कर दान करना चाहिए। जिन लोगों को पितृ दोष होता है, वे अपने पितरों को तर्पण देते हैं, पिंडदान करते हैं, श्राद्ध करते हैं। भोजन का एक हिस्सा गाय और कौआ को खिलाते हैं। अंत में पितरों के समक्ष हाथ जोडकर प्रणाम करते हैं। ऐसा करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। पिंडदान, श्राद्ध आदि के लिए दिन में 11:30 बजे से लेकर दोपहर 02:30 बजे तक का समय अच्छा माना जाता है।

## चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 569 लाभांवित

**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** जोधपुर जिले के पीपाड़ शहर उपखंड क्षेत्र के जिला अस्पताल मुख्यालय पर मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 569 मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श व इलाज किया गया। राजस्थान को स्वास्थ्य और निरोग रखने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा अस्पतालों के अलावा प्रत्येक ग्राम पंचायत, शहरी मुख्यालयों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने की योजना के साथ ही पीपाड़ शहर उपखंड पर पीपाड़ जिला अस्पताल पर पीएमओ डॉ सुरेंद्र परिहार की अगुवाई में मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि इसमें ईएनटी विशेषज्ञ डॉ राघव शर्मा, त्वचा विशेषज्ञ डॉक्टर मंजू लता वर्मा, फिजीशियन डॉक्टर सुरेंद्र, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेंद्र चौधरी, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर प्रशांता, सर्जन डॉक्टर जयप्रकाश, शारीरिक डॉक्टर कैलाश की सेवा प्रमुख रही। इस दौरान 269 मरीजों की विकलांगता स्क्रीनिंग की गई इसके साथ ही 300 सामान्य जांच के साथ 569 व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। इस दौरान लैब टेक्नीशियन मेल-फीमेल नर्स कंप्यूटर ऑपरेटर और एएनएम और 108 एंबुलेंस कर्मियों ने भी अपनी सेवाएं दी है।

# जिला कलक्टर ने ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जालोर।** जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता मेंशिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता विभाग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभागों की बजट घोषणा एवं घोषणाओं की वर्तमान स्थिति, विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति सहित सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लास द्वारा शिक्षण व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए प्री-प्राईमरी कक्षाओं के विभागीय मानदण्डों के अनुसार व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय कार्मिकों को कोरोना बचाव के लिए बूस्टर डोज लगवाने की बात कही। बैठक में जिला कलक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा शिविर आयोजन की बात कही। उन्होंने महिला सशक्तीकरण के साथ-साथ छोटे बालकों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये।

राउमावि देवड़ा में वार्षिकोत्सव समारोह

# शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा- डॉ विश्नोई



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सांचौर।** शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा रहता है अगर व्यक्ति शिक्षा के साथ जिंदगी को आगे बढ़ाता है तो नित नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।यह बात शनिवार को राउमावि देवडा में आयोजित वार्षिकोत्सव भामाशाह सम्मान समारोह व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ भूपेन्द्र विश्नोई ने कहीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चितलवाना एसीबीईईओ रघुनाथराम खिलेरी, सरपंच मफी देवी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, राजूराम जाखड व आशाराम पुरोहित रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य वरधाराम ने की कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता रामगोपाल बुढ़िया ने किया। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों को समय के साथ आगे बढ़ते हुए सफलता प्राप्त करने की सीढ़ियों से अवगत करवाते हुए व्यक्ति के जीवन में शिक्षा व खेल के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर भींयाराम खिलेरी, करनाराम गोदारा, गणेश गोदारा, अमृत जाट, कमलेश विश्नोई, लूम्बाराम चौधरी, जबराराम गर्ग व अजीत पुरोहित सहित विद्यालय स्टाफ छात्र छात्राएं व कई लोग मौजूद थे।

# चंडीगढ़ के हक पर सभी राजनीतिक दल केंद्र के खिलाफ

गृहमंत्री शाह ने कहा...

## कर्मचारियों पर लागू होंगे केंद्रीय नियम

मुख्यमंत्री मान बोले...

## पंजाब इसे स्वीकार कभी नहीं करेगा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के कर्मचारियों पर केंद्रीय नियम लागू होने के ऐलान पर पंजाब सरकार ने मोर्चा खोल दिया है। छ्रू भगवंत मान ने कहा कि पंजाब इसे स्वीकार नहीं करेगा। हम पंजाब के जायज हक के लिए मजबूती से लड़ेंगे। वहीं दिल्ली में आप के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि‹क्क को बढ़ता देखकर भाजपा डर रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ दौरे में घोषणा की थी कि अब चंडीगढ़ के 23 हजार कर्मचारियों पर सेंट्रल सर्विस रूल्स लागू होंगे। इसका नोटिफिकेशन जल्द हो जाएगा।

### मान ने कहा- फैसला थोपा जा रहा है

सीएम मान ने इस फैसले को पंजाब पुनर्गठन एक्ट 1966 का उल्लंघन करार दिया। मान ने कहा कि केंद्र सरकार सिलसिलेवार तरीके से दूसरे राज्यों के अफसरों और कर्मचारियों को चंडीगढ़ पर थोप रही है।

### नए रूल्स से कर्मचारियों को फायदा

**रिटायरमेंट :** ग्रुप ए और बी का रिटायरमेंट 60 साल में होगा। पंजाब सर्विस रूल्स के मुताबिक 58 साल में रिटायरमेंट होता है। अब इन कर्मचारियों को 2 साल और मिलेंगे। इसी तरह क्लास फोर में रिटायरमेंट की उम्र 60 से बढ़कर 62 हो जाएगी।

**चाइल्ड केयर लीव :** चंडीगढ़ के कर्मचारियों को अब 2 साल की चाइल्ड केयर लीव मिलेगी। पंजाब रूल्स के हिसाब से सिर्फ एक साल की लीव मिलती थी।

**टीचर्स को भी फायदा :** चंडीगढ़ में टीचर्स की रिटायरमेंट एज बढ़ जाएगी। नॉर्मल कॉलेजों में रिटायरमेंट 58 की जगह 65 साल में होगा। वहीं टेक्निकल कॉलेजों में टीचर 60 के बजाय 65 साल में रिटायर होंगे।

**सैलरी :** कर्मचारियों की सैलरी में 800 से 2400 रुपए की बढ़ोत्तरी होगी। वहीं अब 7वां वेतनमान लागू होने से भी उनकी सैलरी 10 से 15 प्रतिशत बढ़ जाएगी। चंडीगढ़ में अभी 6वां वेतनमान लागू है।

**पंजाब पर निर्भरता खत्म :** पहले हर आदेश के लिए चंडीगढ़ के कर्मचारियों को पंजाब सरकार पर निर्भर रहना पड़ता था। केंद्र से भत्ते या दूसरे बैनिफिट के लिए आदेश होते तो पहले पंजाब नोटिफिकेशन जारी करता था। इसके बाद चंडीगढ़ में यह लागू होती। अब केंद्र जो नोटिफिकेशन करेगा, कर्मचारियों के लिए वह सीधे लागू हो जाएंगे।

### राजनीतिक दलों ने जताया ऐतराज

**वित्तमंत्री हरपाल चीमा बोले- कानूनी लड़ाई से भी पीछे नहीं हटेंगे :** पंजाब सरकार की तरफ से सामने आए वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने कहा कि केंद्र सरकार का फैसला तानाशाही वाला है। केंद्र लगातार पंजाब विरोधी फैसले ले रही है। इससे पहले पंजाब यूनिवर्सिटी और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड में भी ऐसा ही कुछ किया गया। उन्होंने कहा कि इस बारे में न तो कर्मचारियों को पूछा गया और न ही पंजाब सरकार को। अगर जरूरत पड़ी तो पंजाब सरकार कानूनी लड़ाई से भी पीछे नहीं हटेगी। चीमा ने यह भी दावा किया कि अगर 7वां पे कमीशन लागू करेंगे तो कर्मचारियों का वेतन कम हो जाएगा। पंजाब में हमने कोशिश की तो उसका कर्मचारियों ने विरोध कर दिया।

**खैहरा बोले- यूपी, बिहार के कर्मचारी आएंगे, राज्यसभा सांसद विरोध करें :** कांग्रेस नेता सुखपाल खैहरा ने कहा कि केंद्र के इस फैसले से अब पंजाब के बजाय उत्तर प्रदेश और बिहार के कर्मचारी चंडीगढ़ में आएंगे। उन्होंने राज्यसभा के नए चुने सांसदों को कहा कि वह केंद्र के इस तानाशाही फैसले का विरोध करें।

**चंडीगढ़ पर खत्म हो रहे पंजाब के हक :** पूर्व कांग्रेस डिप्टी सीएम एमएलए सुखजिंदर रंधावा ने कहा कि पहले बीबीएमबी में पंजाब को पीछे किया। अब पंजाब का चंडीगढ़ पर हक खत्म करने की कोशिश की जा रही है। चंडीगढ़ पर पंजाब का कंट्रोल खत्म कर दिया गया है।

**चीमा ने कहा- पंजाब पुनर्गठन एक्ट का उल्लंघन :** अकाली दल के प्रवक्ता डॉ. दलजीत चीमा ने कहा कि चंडीगढ़ में 60% पंजाब और 40% हरियाणा के कर्मचारी तैनात होते थे। कर्मचारियों पर पंजाब सिविल सर्विस रूल्स लागू होते थे। उन्होंने कहा कि पंजाब से चर्चा किए बिना ही इस तरह का तानाशाही पूर्ण फैसला ले लिया गया। उन्होंने इसे पंजाब पुनर्गठन एक्ट 1978 का उल्लंघन करार दिया।

**सिसोदिया बोले- आप से डर रही भाजपा :** आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि 2017 से 2022 तक पंजाब में कांग्रेस का राज रहा। गृह मंत्री अमित शाह ने तब चंडीगढ़ के अधिकार नहीं लिए। जैसे ही पंजाब में आप की सरकार आई तो चंडीगढ़ के कर्मचारियों को केंद्रीय नियमों के अधीन कर लिया गया। उन्होंने कहा कि आप को बढ़ते देख भाजपा डर रही है।

हिन्दू नववर्ष की तैयारी

# इस बार हर घर पीले चावल बांटकर दिया जा रहा न्यौता

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net





**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ शहर में आगामी दो अप्रैल से हिंदू नववर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शहर में जन सम्पर्क किया जा रहा है। भारतीय नवववर्ष का स्वागत इस बार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा. कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाए जाने को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शहरवासियों से इस धार्मिक आयोजन में शरीक होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की जा रही है। साथ ही हर घर पीले चावल पहुंचाए जा रहे है। जिसमे 2 अप्रैल को प्रातः 8:15 बजे भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में निकलने वाली विशाल शोभायात्रा में शहरवासियों को सम्मिलित होने का न्यौता दिया।

नववर्ष का आयोजन मलुक धाम के मंहत रामदास महाराज के सानिध्य में होगा। जिसमें भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे मंहत लक्ष्मणदास महाराज द्वारा 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक दोपहर 12:15 से 3:15 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रि समय नानी बाई मायरे का आयोजन रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे किया जाएगा। आयोजन समिति के जयनारायण जांगीड़ ने बताया कि राठोलाई नाडी सत्संग भवन में रोजाना संगीतमय कथा का आयोजन किया जायेगा। शोभायात्रा व प्रचार प्रसार के लिए रथ वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राम रथ को लेकर समिति के कार्यकर्ता हिन्दू भाईयो के घर जाकर प्रसादी के लिए कच्ची राशन साम्रगी इकठ्ठी कर रहे हैं। मलूक धाम में मंहत रामदास महाराज ने भी नववर्ष कार्यक्रम को हिंदू समाज के सहयोग से सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान नववर्ष के दिन लोगों से अपने-अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाने की अपील की गई है। साथ ही उस दिन घर के बाहर रंगोली बनाने, दीप जलाने, अपने मित्रों, शुभचिंतकों व नववर्ष की शुभकामनाएं देने को कहा जा रहा है। कई स्वयंसेवक भी घर-घर जाकर भगवा ध्वज लगाने का काम कर रहे हैं। कई जगहों पर लोग हिंदू नववर्ष से संबंधित पत्रक भी बांट रहे हैं। इस अवसर पर समिति के कार्यकर्ता जयनारायण जांगीड़, धनश्याम ओझा, सुरेन्द्र टाक, शिशुपालसिंह, महेंद्र माही टाक, रामसिंह, मनीष, सुरेन्द्र, महावीर सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# हिंदू नव वर्ष 2 अप्रैल से शुरू

## महंगाई से जनता रहेगी त्रस्त, देश -दुनिया में रहेगी अशांति

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** हिंदू नव वर्ष 2079 इस बार 2 अप्रैल शनिवार से शुरू होने जा रहा है इसी दिन से चैत्र नवरात्रों की भी शुरुआत होने जा रही है।यह संवत देश दुनिया के लिए कैसा रहेगा आमजन के लिए कैसा रहेगा इस बारे में जानते हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि इस बार इस संवत का नाम नल है यह संवत 50 वां संवत है। इस संवत का राजा शनि बना है और मंत्री का पद गुरु ग्रह को मिला है। इस संवत की सबसे बड़ी खासियत यह रहेगी कि गुरु और शनि पूरे संवत अपनी अपनी स्वराशि में ही रहेंगे तो वही शनि ग्रह वक्री अवस्था में भी रहेंगे शनि ग्रह मकर व कुंभ राशि में विचरण करेंगे। इस बार जून से अक्टूबर तक का समय देश के लिए ठीक नहीं है इस बीच काफी उथल-पुथल देखने को मिलेगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भारत देश में टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन, सोशल प्लेटफॉर्म, ओटोमोबाइल मार्केट, सोलर सिस्टम, स्पेस टेक्नोलॉजी में भी कई परिवर्तन होंगे तो वहीं पर्यटन के क्षेत्र में भी लाभ की स्थिति बनेगी जिसमें होटल- रेस्टोरेंट, टूर- ऑपरेटर गाइड वालों के दिन फिरेंगे।क्रिप्टो मार्केट में काफी तेजी देखने को मिलेगी और होटल और हॉस्पिटल के मार्केट में ग्रोथ तो अच्छी होगी लेकिन प्रॉफिट का रेशो कम ही रहेगा। इस बार देश में महंगाई का स्तर बहुत चरम पर रहेगा महंगाई से जनता त्रस्त रहेगी गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, लोहा, खाने की चीजों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, सोना-चांदी में तेजी देखने को मिलेगी।जुलाई के बाद में मार्केट में तेजी देखने को मिलेगी।मोदी सरकार जनता के हित में कई बड़े कानून बनाएगी जिससे की सरकार की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी,इसके साथ ही विपक्ष कमजोर होता दिखाई देगा तो वही कहीं-कहीं जलवायु परिवर्तन भी देखने को मिलेगा। इस वर्ष गर्मी के तेवर बहुत तेज रहेंगे देश में गर्मी अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। भारत के दक्षिण, उत्तर पूर्व भाग में भूकंप ,बाढ़, प्राकृतिक प्रकोप, अग्निकांड जैसी घटनाएं बहुत ज्यादा देखने को मिलेगी।इस बार वर्षा सामान्य से कम रहेगी। अपराध को लेकर अपराधियों में भय बना रहेगा, लंबे समय से चले आ रहे हैं दबे मामले बाहर निकलेंगे, अपराधी दंडित होंगे भारत देश से भागे वांछित भगोड़े पकड़े जाएंगे, शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार को इस संवत संघर्ष करना पड़ेगा। इसके साथ ही भारत में मेष, वृषभ, वृश्चिक, कुंभ,मीन राशि वाले बिजनेसमेन, राजनेता अभिनेता को बड़ा नुकसान होने वाला है। इस नव वर्ष में मलेरिया, ब्लड में इंफेक्शन जैसी समस्याएं ज्यादा रहेगी। डॉ.शर्मा ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में यह वर्ष ठीक नहीं रहेगा क्योंकि बच्चों का ध्यान सोशल मीडिया, नए नए गैजेट्स मैं लगा रहेगा जिससे उनकी शिक्षा ठीक नही रहेगी जिससे माता-पिता बच्चों को लेकर बहुत चिंतित रहेंगे।नल नाम का संवत होने से इस वर्ष चीन - ताइवान में तनाव देखने को मिलेगा, अमेरिका और रूस भी आमने सामने रहेंगे ,भारत चीन में तनाव रहेगा। चीन-अमेरिका भी आमने सामने रहेंगे। चीन को अपने ही देश में विरोध का सामना देखने को मिलेगा। पाकिस्तान में नई सरकार का गठन होगा इमरान सरकार के लिए समय खराब है।

# सुरेश को राजस्थान रत्न फिल्म फेयर अवार्ड



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** सिंगर सुरेश बामणिया को उनके फिल्मी कार्य और सुगम संगीत कार्य को देखते हुए उनको राजस्थान रत्न फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जोधपुर में आयोजित एक अवार्ड शो में बॉलीवुड कोमेडी किंग वीआईपी ने उनको अवार्ड से नवाजा गया। जिसमें इवेंट सयोजक फिल्म निर्माता निर्देशक शॉर्ट फिल्मों के डायरेक्टर ओम सोऊ जोधपुर के निर्देशन में हुआ। उल्लेखनीय है कि सुरेश बामणिया और उनकी बहन बॉलीवुड सिंगर रितिका पांडे का संगीत के क्षेत्र में जोधपुर रत्न अवार्ड 2021 में भी एक अवार्ड शो में सम्मानित किया गया था। गायक सुरेश ने बताया की कहा कि संगीत से सभी अपना रिश्ता जोड़े, संगीत से तन और मन प्रफुल्लित रहता है। कार्यक्रम के दौरान और भी कई गायक और बड़ी हस्तियां मौजूद रही।

ANCHOR | मिलन 2022-वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह

# शिक्षक के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है-बिश्नोई

## भामाशाह जिला परिषद सदस्य प्रवीण कुमार बिश्नोई बनाएंगे कक्षा कक्ष

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net





**सरनाऊ।** पंचायत समिति क्षेत्र के दाता गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, भामाशाह-प्रतिभा सम्मान,पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन एवं 12वीं के छात्रों एवं शिक्षकों का विदाई समारोह सरपंच प्रतिनिधि अमलू राम मांजू के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि राणाराम चौधरी व मोतीराम चौधरी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। समारोह में ग्रामीणों समेत विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रधान रघुनाथ बिश्नोई ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिया। शिक्षक के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। आज के युग में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता -पिता को अपने बेटों व बेटियों में भेदभाव नहीं करना चाहिए।शिक्षा वही नींव है जिस पर हम अपने भविष्य का निर्माण करते हैं।विद्यालय में सहयोग करने वाले वे कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया साथ ही समय-समय पर अभिभावकों एवं भामाशाह द्वारा विद्यालय हित में सहयोग करने पर आभार जताया। उन्होंने विद्यालय विकास में योगदान की बात कहते हुए कठिन परिश्रम के साथ ग्रामीणों को विश्वास दिलाते हुए उत्कृष्ट परिणाम देने की बात कही। समारोह में मंचासीन अतिथि के रुप में सरपंच प्रतिनिधि अमलू राम मांजू, मोती राम चौधरी, इसरा राम मांजू, राणाराम चौधरी, तेजाराम मांजू, उद्योगपति प्रकाश कुमार, प्रधानाध्यापिका रामेश्वरी बिश्नोई, भेराराम जाणी, भैराराम पुरोहित, हरिराम वरड, हीराराम पुरोहित जयकिशन सारण, उपसरपंच कालू राम जाणी, रामलाल खीचड़ समेत विद्यालय में पधारे अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया । कक्षा 11 वीं की छात्राओं ने कक्षा 12 वीं की छात्राओं के तिलक लगाकर आगामी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। भूतपूर्व विद्यार्थी एवं सेवानिवृत्त अध्यापक भैराराम पुरोहित ने अपने उदबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेल कूद भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद ज़रूरी है।ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को मंच पर अपनी कला दिखाने का अवसर मिलता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए मन में उत्साह का होना आवश्यक है। तेजाराम मांजू ने उद्बोधन देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं विद्यालय परिवार का आभार जताया। मोतीराम चौधरी ने भी विद्यालय परिवार को सफल आयोजन एवं विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। जिला परिषद सदस्य प्रवीण कुमार बिश्नोई अतिथि के तौर पर समारोह में शामिल हुए उन्हें बच्चों को प्रेरक के रूप में कठिन मेहनत और अपने माता-पता के सपने पूरे करने के उपदेश दिए साथ ही विद्यालय में समारोह की सबसे बड़ी घोषणा भी की विद्यालय प्रांगण में एक बड़ा कक्षा कक्ष बनाकर गांव वालों से करवाएंगे उद्घाटन। रघुनाथ बिश्नोई व समस्त स्टाफ द्वारा छात्राओं को परीक्षा तैयारी करने के संदर्भ में उपयोगी जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रमेश पुरोहित द्वारा भी देशभक्ति कविता सुना कर समस्त श्रोताओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान छात्राओं ने शानदार विदाई गीत प्रस्तुत किए गए। कक्षा 11 वीं की छात्राओं ने 12 वीं की छात्राओं को टाइटल के साथ उपहार भेंट कर परीक्षा में अच्छी सफलता की कामना के साथ विदाई दी। विदा लेने वाले कक्षा 12 के छात्रों ने विद्यालय को नकद 21000 भेंट किए। प्राध्यापक लालाराम चौधरी एवं इंदु बिश्नोई द्वारा समारोह का मंच संचालन किया गया। समेत संपूर्ण स्टाफ द्वारा सफल कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया।इस दौरान अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट रहने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक भी वितरित किए गए। भामाशाह के रूप में सेवानिवृत्त अध्यापक भैराराम पुरोहित,उद्योगपति प्रकाश कुमार सारण, अशोक डारा,भंवरलाल मांजू, राजू वरड़,रमेश वरड आदि ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष करनाराम चौधरी, चोखाराम वरड,हरीराम जाणी, भागीरथ डारा, रामकिशन सारण अमृत बिश्नोई, ओम प्रकाश डारा, केहराराम,बाबूलाल डारा,तलसाराम चौधरी, उदाराम चौधरी जवाना राम मेघवाल, बगदाराम समेत सैकड़ों ग्रामीण, विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने 4 शिक्षकों को दी विदाई

विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय स्टाफ ने चारों अध्यापकों को माला,साफा पहनाते हुए पुरस्कार देकर सम्मान किया वहीं विद्यालय की बेटियों ने भी अपने गुरूजनों को प्रतीक चिंह देकर हमेशा अपने अनुभवों को उनके साथ बांटते रहने की बात कही। जहां विद्यार्थियों सहित विद्यालय स्टाफ ने प्रतीक चिंह देकर सम्मान किया जिसे देखकर स्थानान्तरित हुए अध्यापक एवं विद्यार्थी भाव विभोर हो गये। संबोधन में मनमोहन सुधार,सेवाराम मीणा,धीनू खान,एलसी देवी अध्यापकों ने कहा कि यहां के अभिभावकों व प्रबंधन समिति के लोगों ने जिस प्रकार स्नेह व सहयोग दिया,वह उनको हमेशा याद रहेगा। विद्यालय से विदा होने वाले अध्यापक धीनू खान ने संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार देने वाला संस्थान वर्तमान समय में केवल रा उ मा वि दाता ही है । साथ ही उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विद्यार्थियों की दिनचर्या एवं गुणों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला तथा विद्यार्थी जीवन में परीक्षाओं को तनावमुक्त,चित्त मन से भयमुक्त होकर देने के लिए आध्यात्मिकता योग एवं शारीरिक के बारे में भी जानकारी दी। प्राध्यापक मनमोहन सिंह सुथार ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बताया कि विद्यार्थी जीवन में प्रत्येक विद्यार्थी को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय कर आगे बढ़ना चाहिए। जिससे सफलता मिल सके। विदाई समारोह के दौरान प्रधानाचार्य रघुनाथ बिश्नोई सहित वक्ताओं द्वारा सेवाकार्य के दौरान हुई खट्टी मिठी यादों के बारे में बताया। वहीं विदाई ले रहे अध्यापकों ने सेवा कार्य के दौरान हुई कडबाहट के लिए क्षमा प्रार्थना की और कहा कि अध्यापक का घर एक लिफाफे की तरह होता है कब कहा के लिए पोस्ट हो जाये वहीं जाकर अपना कार्य करना पडता है। उन्होने विद्यार्थियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि हमें कठिन परिश्रम करते हुए अपनी सफलता को प्राप्त करना करना है। इस दौरान ग्रामीणों समेत समस्त विद्यालय परिवार ने अध्यापकों को भावभीनी विदाई दी।